वर्ष 24, अंक 260, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 30 मार्च 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### पलक्कड़ से पीएम मोदी का एलडीएफ पर बड़ा हमला

# पाई-पाई का हिसाब होगा



**पलक्कड़**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने केरल के पलक्कड़ में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के चुनाव अभियान की शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने राज्य की एलडीएफ सरकार और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केरल की जनता अब बदलाव चाहती है और एनडीए का लक्ष्य राज्य के लोगों के सपनों को पूरा करना है।

पश्चिम एशिया युद्ध और भारतीयों की सुरक्षा पर बोले पीएम

प्रधानमंत्री ने दुनिया के मौजूदा हालातों का जिक्र करते हुए कहा कि पश्चिमी एशिया में चल रहे युद्ध पर भारत की पैनी नजर है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार कोशिश कर रही है कि इस युद्ध का भारत पर कम से कम असर पड़े। केरल के कई लोग उन युद्धग्रस्त इलाकों में काम कर रहे हैं, जिनकी सुरक्षा के लिए पीएम खुद वहां के राष्ट्राध्यक्षों से संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के लिए भारतीयों के हितों की सुरक्षा सबसे ऊपर है, जबकि इस मामले पर कांग्रेस की बयानबाजी खतरनाक है।

नारीशक्ति वंदन अधिनियम का किया जिक्र

पीएम मोदी ने महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि पलक्कड़ में कांग्रेस नेताओं ने महिलाओं की चिंताएं बढ़ाई हैं। उन्होंने हाल ही में एक कांग्रेसी नेता के निष्कासन का जिक्र करते हुए कहा कि केरल की महिलाओं को इन पार्टियों की सच्चाई समझनी चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि भाजपा 'महिला नेतृत्व वाले विकास' पर विश्वास करती है, जिसके लिए केंद्र सरकार ने 'नारीशक्ति वंदन अधिनियम' पास किया है ताकि विधानसभा और संसद में महिलाओं की भागीदारी बढ़े।

केरल के भ्रष्टाचार पर तीखा प्रहार

राज्य की आर्थिक स्थिति पर सवाल उठाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि केरल पर आज 5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का कर्ज है, जो पिछले 10 साल में तीन गुना बढ़ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पैसा विकास के बजाय एलडीएफ की जेबों में गया है। पीएम ने वादा किया कि जब केरल में भाजपा की सरकार आएगी, तो भ्रष्ट लोगों से पाई-पाई का हिसाब लिया जाएगा और उनकी अवैध संपत्ति वापस लेकर राज्य के विकास में लगाई जाएगी।

कांग्रेस और वामपंथियों के 'गुप्त गठबंधन' से सावधान रहने की सलाह

मोदी ने जनता को आगाह करते हुए कहा कि दिल्ली और तमिलनाडु में हाथ मिलाने वाली कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियां केरल में एक-दूसरे का विरोधी होने का दिखावा करती हैं। उन्होंने इसे जनता को धोखा देने वाला इंडी गठबंधन बताया। पीएम ने कहा कि यूडीएफ और एलडीएफ दोनों मिलकर भाजपा को इसलिए निशाना बना रहे हैं क्योंकि उन्हें डर है कि सत्ता में आने पर भाजपा उनके पुराने घोटालों का पदार्फाश कर देगी।

## इस संकट को मिलकर हराएंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अमेरिका-ईरान युद्ध और पश्चिम एशिया में जारी अशांति पर गहरी चिंता व्यक्त की। पीएम मोदी ने कहा कि मौजूदा वैश्विक हालात पूरी दुनिया को प्रभावित कर रहे हैं और भारत को इस चुनौती का डटकर सामना करने के लिए एकजुट होना होगा।

राजनीति और अफवाहों से बचने की अपील

प्रधानमंत्री ने देशवासियों से आग्रह किया कि इस संवेदनशील समय में एकजुट रहें। उन्होंने उन लोगों की आलोचना की जो इस गंभीर मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं या अफवाहें फैला रहे हैं। पीएम मोदी ने स्पष्ट किया कि यह विषय 140 करोड़ भारतीयों के सीधे हित से जुड़ा है, इसलिए जनता को केवल सरकार द्वारा दी जा रही आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करना चाहिए।

खाड़ी देशों का आभार जताया

युद्ध का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने बताया कि पिछले एक महीने से पड़ोस में भीषण संघर्ष चल रहा है। उन्होंने कहा कि खाड़ी देशों में एक करोड़ से ज्यादा भारतीय रहते और काम करते हैं। प्रधानमंत्री ने खाड़ी देशों की सरकारों का आभार व्यक्त किया कि वे इन कठिन परिस्थितियों में वहां रह रहे भारतीयों की सुरक्षा और सहायता सुनिश्चित कर रहे हैं।

## बीजेपी सरकार बनी तो 5 साल में हर घुसपैठिया होगा बाहर- शाह



**असम**

**गृह** मंत्री अमित शाह ने असम के सोनितपुर जिले की ढेकियाजुली विधानसभा में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। अपने भाषण के दौरान उन्होंने असम की सुरक्षा, रोजगार और विकास को मुख्य मुद्दा बनाया। शाह ने जनता से अपील की कि वे केवल मुख्यमंत्री या मंत्री चुनने के लिए नहीं, बल्कि असम को घुसपैठियों से पूरी तरह मुक्त करने के लिए वोट दें।

घुसपैठ पर क्या बोले शाह

अमित शाह ने स्वीकार किया कि हालांकि पिछले दस वर्षों में नई घुसपैठ को रोकने में सफलता मिली है, लेकिन अभी भी कई अवैध लोग राज्य में मौजूद हैं। उन्होंने संकल्प लिया कि अगर भाजपा तीसरी बार सत्ता में आती है, तो अगले पांच वर्षों में हर घुसपैठिए की पहचान कर उन्हें बाहर निकाला जाएगा। शाह ने कहा कि ये घुसपैठिए असम के युवाओं के रोजगार और संसाधनों पर अवैध कब्जा जमाए हुए हैं।

शाह ने आतंकवाद मुक्त असम का दावा किया

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में असम ने केवल बम धमाके और हिंसा देखी थी। इसके विपरीत, पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने असम को आतंकवाद से मुक्त किया है और लगभग 10,000 युवाओं को हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने में मदद की है। उन्होंने कहा कि आज का असम शांति और बड़ी इंडस्ट्रीज की ओर बढ़ रहा है।

शाह ने सर्जिकल स्ट्राइक का जिक्र किया

शाह ने देश की सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए कहा कि कांग्रेस के समय पाकिस्तान से आतंकी आकर धमाके करते थे, लेकिन अब मोदी सरकार है। उन्होंने उरी के बाद 'सर्जिकल स्ट्राइक', पुलवामा के बाद 'एयर स्ट्राइक' और पहलगाम हमले के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए बताया कि कैसे आतंकियों का सफाया किया गया। उन्होंने कांग्रेस नेता गौरव गोगोई से सवाल किया कि क्या वे घुसपैठियों के साथ खड़े हैं या उनके खिलाफ।

असम के महापुरुषों का सम्मान

अमित शाह ने गोपीनाथ बोरदोलोई और भूपेन हजारिका जैसे असम के दिग्गजों का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर उन्हें नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बोरदोलोई जी ने असम को पूर्वी पाकिस्तान में मिलने से बचाया था, फिर भी कांग्रेस ने उन्हें भारत रत्न नहीं दिया। यह सम्मान उन्हें अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में मिला। इसी तरह 'भूपेन दा' को भी मोदी सरकार ने ही भारत रत्न से सम्मानित किया।

## मैं मौत के मुंह से लौटी हूं- सीएम ममता बनर्जी




**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणियों पर कड़ी नाराजगी जताई है। दरअसल, अमित शाह ने एक दिन पहले तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ 'राजनीतिक आरोपपत्र' जारी करते हुए ममता बनर्जी पर विक्टिम कार्ड खेलने का आरोप लगाया था। शाह ने कहा था कि चुनाव के समय ममता कभी अपनी चोट तो कभी चुनाव आयोग को मुद्दा बनाकर सहानुभूति बटोरने की कोशिश करती हैं।

ममता ने कहा, मौत के मुंह से लौटकर आई हूं

पुरुलिया जिले के मानबाजार में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने अमित शाह को सीधी चुनौती दी। उन्होंने कहा, 'जो लोग कह रहे हैं कि मैं चुनाव के दौरान पट्टी बांधकर घूमती हूं, वे जाकर मेरी विस्तृत मेडिकल रिपोर्ट देख लें। मैं बार-बार मौत के मुंह से वापस लौटी हूं।' उन्होंने भाजपा पर सवाल उठाते हुए पूछा कि क्या 2021 के चुनाव के दौरान उन्हें जानबूझकर चोट पहुंचाई गई थी और क्या अब उन्हें जान से मारने की कोई योजना बनाई जा रही है?

अमित शाह के खिलाफ चार्जशीट की मांग

अमित शाह द्वारा टीएमसी सरकार के खिलाफ जारी किए गए आरोपपत्र पर पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि खुद शाह के खिलाफ उनके पुराने कृत्यों के लिए चार्जशीट दाखिल होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नेता केवल राज्य की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि उनकी सरकार ने बंगाल के विकास के लिए निरंतर काम किया है।

## दादरी में अखिलेश यादव का महिलाओं के लिए बड़ा ऐलान



**गौतमबुद्धनगर**

**समाजवादी** पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने रविवार (29 मार्च) को गौतमबुद्धनगर के दादरी में रैली में शिरकत की.

इस दौरान उन्होंने प्रदेश की महिलाओं के लिए बड़ा ऐलान किया. महिलाओं के लिए अखिलेश यादव ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि हमारी सरकार आई तो महिलाओं को स्त्री समृद्ध सम्मान योजना चलाकर 40000 सम्मान राशि देंगे.

अखिलेश यादव ने बीजेपी पर बोला हमला

अखिलेश यादव ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि पहले ये बेईमानी से चुनाव और उपचुनाव जीतते थे. अब इनकी 420 थी. इन्होंने फेक एनकाउंटर कराए. आज वो अधिकारी भी दुखी है. क्योंकि उनको पता है कि जब अदालत सजा देती है तो अकेले सजा भुगतनी पड़ती है.

सपा चीफ ने कहा कि हाल ही में जो रक्फ़हुआ वो NRC था।

## देश में पेट्रोल-डीजल का भरपूर स्टॉक, अफवाहों से बचें




**नई दिल्ली**

**पश्चिम** एशिया में जारी तनाव और युद्ध की स्थिति को देखते हुए भारत के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने रविवार को देश की ऊर्जा सुरक्षा और आपूर्ति को लेकर एक महत्वपूर्ण अपडेट जारी किया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि अंतरराष्ट्रीय हलचल के बावजूद भारत में ईंधन और गैस की कोई कमी नहीं है।

ईंधन और गैस की आपूर्ति सामान्य

मंत्रालय ने देशवासियों को आश्वस्त किया है कि भारत के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। जनता से अपील की गई है कि वे सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से फैलने वाली किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और न ही घबराएं।

यूरिया संयंत्र और एलएनजी की स्थिति

खाद उत्पादन के लिए जरूरी यूरिया संयंत्रों को गैस की आपूर्ति पिछले 6 महीनों के औसत के 70-75% पर स्थिर बनी हुई है। सरकार ने बताया है कि इस आपूर्ति को पूरी तरह बनाए रखने के लिए अतिरिक्त एलएनजी और आर-एलएनजी की विशेष व्यवस्था की जा रही है, ताकि खेती और उद्योगों पर कोई असर न पड़े।

एलपीजी और नए गैस कनेक्शन

मार्च महीने के दौरान घरेलू, कमर्शियल, हॉस्टल और कैंटीन जैसी श्रेणियों में 2.9 लाख से अधिक नए गैस कनेक्शन जारी किए गए हैं। इसके अलावा, लगभग 94,000 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर दो बड़े मालवाहक जहाज सुरक्षित रूप से युद्ध प्रभावित क्षेत्र से निकलकर भारतीय तटों की ओर बढ़ रहे हैं।

### दिल्ली में ड्रग नेटवर्क का पदार्फाश, 4 गिरफ्तार

## साढ़े चार करोड़ की नशीली दवाएं जब्त



**नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय एक संगठित ड्रग नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने इस कार्रवाई में करीब 4.5 करोड़ की नशीली दवाएं बरामद की हैं. मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. जबकि एक किशोर को भी पकड़ा गया है.

दिल्ली पुलिस के मुताबिक 17 मार्च को टीम को सूचना मिली थी कि उत्तर-पूर्वी दिल्ली इलाके में बड़ी मात्रा में नशीली दवाओं की खेप पहुंचने वाली है. सूचना के आधार पर टीम ने शिव विहार तिराहा, जोहरीपुर रोड पर जाल बिछाया. इसी दौरान एक बाइक पर जा रहे युवक को एक किशोर के साथ रोका गया.

तलाशी लेने पर पुलिस को 11,900 अल्प्राजोलम की गोलियां करीब 1.912 किलोग्राम और 825 ट्रामाडोल टैबलेट करीब 0.491 किलोग्राम मिलीं. आरोपी की पहचान नितिन पाठक के रूप में हुई. पुलिस ने उसकी बाइक भी जब्त कर ली.

पूछताछ के बाद फिर की कार्रवाई

दिल्ली पुलिस को पूछताछ में मिले सुराग के आधार पर पुलिस ने उत्तर प्रदेश के भोपुरा स्थित एक मेडिकल स्टोर पर छापा मारा.

वहां से 2,250 ट्रामाडोल कैप्सूल करीब 1.218 किलोग्राम बरामद हुए और मेडिकल स्टोर मालिक प्रेम सिंह यादव को गिरफ्तार कर लिया गया।

## भारी भरकम वादों के साथ चुनावी मैदान में उतरे - विजय




**तमिलनाडु**

**तमिलगा** वेट्री कझगम के प्रमुख विजय ने आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए बड़ा ऐलान किया है। विजय 23 अप्रैल को होने वाले चुनावों में दो निर्वाचन क्षेत्रों, चेन्नई के पेराम्बुर और तिरुचिरापल्ली पूर्व से अपनी किस्मत आजमाएंगे। रविवार को उन्होंने अपनी पार्टी के सभी 234 उम्मीदवारों की विस्तृत सूची भी जारी कर दी है।

भरोसेमंद चेहरों पर लगाया दांव

विजय ने अपनी 'कोर टीम' के अनुभवी और विश्वसनीय नेताओं को मैदान में उतारा है। प्रमुख उम्मीदवारों में टी. नगर से एन. आनंद, मायलापुर से वेंकट रमन और विलिवक्कम से आधव अर्जुन के नाम शामिल हैं। उम्मीदवारों का परिचय कराते हुए विजय ने भावुक अपील की और कहा कि उन्होंने अपनी टीम में ऐसे लोगों को चुना है जो सीधे जनता के सवालों का जवाब देंगे।

जनता का गठबंधन बनाम डीएमके

विजय ने इस चुनाव को सीधे तौर पर अपने गठबंधन और मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के नेतृत्व वाली सत्ताधारी पार्टी डीएमके के बीच की लड़ाई बताया। उन्होंने मौजूदा सत्ताधारी गठबंधन की आलोचना करते हुए उसे केवल "जोड़-तोड़ की राजनीति" करार दिया। विजय का दावा है कि उनके उम्मीदवार साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं और वे आम आदमी के संघर्षों को बेहतर समझते हैं।

युवाओं और बेरोजगारों के लिए बड़े वादे

युवा मतदाताओं को लुभाने के लिए विजय ने कई आर्थिक गारंटियों की घोषणा की है।

बेरोजगारी भत्ता: 29 वर्ष से अधिक आयु के बेरोजगारों को 4,000 रुपये और डिप्लोमा धारकों को 2,500 रुपये प्रतिमाह देने का वादा।

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने योगी सरकार के खिलाफ भरी हुंकार

### ब्राह्मण समाज से की ये अपील

**यूपी**

**पूर्वांचल** का प्रवेश द्वार कहा जाने वाला बस्ती जनपद एक बार फिर से राजनैतिक अखाड़ा बन गया है, आज ब्राह्मण समाज को एकजुट करने के लिए पूर्वांचल के बाहुबली ब्राह्मण नेता एकजुट होकर मंच पर पहुंचे और योगी सरकार के खिलाफ हुंकार भरी. इस कार्यक्रम का नाम सनातन संवाद नाम दिया गया, जिसका नेतृत्व जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने किया और योगी सरकार पर कई तरह के गंभीर आरोप लगाते हुए सनातनियों को एक होकर आने वाले चुनाव में वोट करने की अपील की है.

बस्ती का जीआईसी मैदान आज एक बार फिर से इतिहास बना दिया, जहां से शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने योगी सरकार के खिलाफ बिगुल फूंक दिया है. इतना ही नहीं इस मंच से योगी आदित्यनाथ के धुर विरोधी पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी ने खुलेमंच से आह्वाहन किया कि ब्राह्मण अब एकजुट हो जाए और अहंकारी व अधर्मी सनातन विरोधी सरकार के खिलाफ फरसा उठा कर सत्ता से इस बार उखाड़ फेंके.

अलंकार अग्निहोत्री ने जनता को किया संबोधित

वहीं, पीसीएस अधिकारी रहे अलंकार अग्निहोत्री ने भी जनता को संबोधित करते हुए कहा कि ब्राह्मण जरूरत पड़ने पर फरसा भी उठा सकता है और अब ब्राह्मण सुदामा नहीं परशुराम है, अलंकार ने हर घर फरसा घर घर फरसा का नारा देकर ब्राह्मणों में जोश भरने का भी काम किया.



अविमुक्तेश्वरानंद ने सीएम पर लगाए गंभीर आरोप

वही शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ऊपर काफी गंभीर आरोप लगाए. शंकराचार्य ने कहा कि अगर वर्तमान बीजेपी सरकार गाय और सनातन की बात करती तो विपक्ष को मौका नहीं मिलता. वहीं गाय को राष्ट्र माता घोषित करने के मुद्दे पर शंकराचार्य ने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव जब तक पार्टी स्तर गाय को राष्ट्र माता घोषित करने की घोषणा नहीं कर देते तब वे उनके साथ भी नहीं हैं.

'...तो कोई अपना आदमी चुनाव मैदान में उतार देंगे'

अविमुक्तेश्वनंद ने कहा अगर आने वाले 2027 के चुनाव में कोई भी राजनैतिक दल गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की बात नहीं करेगी तो वे खुद अपना कोई आदमी चुनाव मैदान में उतार देंगे. शंकराचार्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 16 करोड़ पशुओं को मारकर खा लिया गया, और यूपी सरकार इस पर रोक नहीं लगा सकी. कहा कि पहले के मुख्यमंत्री अगर गायों के मांस की बिक्री पर रोक नहीं लगाए तो इस बार योगी सरकार ने भी उस पर क्यों रोक नहीं लगाया, इसका मतलब इनकी इच्छा ही नहीं है कि गाय को कटने से रोका जाए।

# शहनाई की गूंज पर भारी एलपीजी की किल्लत

## 15 अप्रैल से शुरू हो रहा है सहालग का सीजन, नहीं मिल रहा कमर्शियल सिलेंडर

- शादी-विवाह वाले घरों में सीमित कार्यक्रम पर हो रहा विचार
- एलपीजी सिलेंडर के संकट ने शादी वाले घरों की बढ़ाई बेचैनी

आलोक गुप्ता

**शंकरगढ़।** शादी का मौसम खुशियों, उत्साह और नई शुरूआत का प्रतीक होता है। यमुनापार की महत्वपूर्ण बाजार शंकरगढ़ समेत पूरे जनपद के कई घरों में शहनाई बजने से पहले ही चिंता की लकीरें गहरी हो गई हैं। शादी वाले घरों में शादी के कपड़े तैयार हो गए हैं। निमंत्रण कार्ड छप गया है। दूर के रिश्तेदारों को टेलीफोन से न्यौता दिया जा रहा है। पर अब सबसे बड़ी चिंता यह है कि जो रिश्तेदार शामिल होने आएंगे, उन्हे खाना और मिठाई कैसे खिलाएंगे।

जिले में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी ने इन तैयारियों के बीच एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। आगामी 15 अप्रैल के बाद से विवाह और मांगलिक कार्यक्रमों का दौर शुरू हो रहा है। महज पखवाराभर पहले ही उपजे गैस सिलेंडर की किल्लत ने शादी-विवाह वाले घरों में लोगों को असमंजस में डाल दिया है। उन्हें डर है कि अगर समय पर कमर्शियल गैस सिलेंडर नहीं मिला तो मेहमानों के लिए भोजन की व्यवस्था कैसे होगी।



### कार्यक्रम सीमित करने पर विचार

शादी-विवाह जैसे बड़े आयोजनों में भोजन की व्यवस्था सबसे अहम होती है और इसके लिए कमर्शियल सिलेंडर की आवश्यकता होती है। ऐसे में सिलेंडर की किल्लत ने परिवारों के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है। कई घरों में अब यह चर्चा आम हो गई है कि सैकड़ों मेहमानों को बुलाया जाए या हालात को देखते हुए कार्यक्रम को सीमित कर दिया जाए।

### नहीं बांट रहे शादी का कार्ड

बारा क्षेत्र के वन बिहरिया निवासी हाईकोर्ट के अधिवक्ता एडवोकेट मनोज सिंह के घर में भी यही दुविधा बनी हुई है। 25 अप्रैल को तय शादी के कार्ड छपकर तैयार हैं, लेकिन अब तक उन्हें बांटा नहीं गया है। परिवार का कहना है कि गैस आपूर्ति की स्थिति स्पष्ट होने के बाद ही आगे की योजना तय की जाएगी।

### अंतिम निर्णय नहीं ले पा रहे लोग



इसीतरह प्रयागराज में प्रगति और शुभम की 20 अप्रैल को प्रस्तावित शादी भी इस संकट की छाया में है। तैयारियां पूरी होने के बावजूद परिवार किसी अंतिम निर्णय तक नहीं पहुंच पा रहा है। हर दिन स्थिति का आकलन किया जा रहा है और समाधान की उम्मीद में इंतजार जारी है। इस समस्या का असर केवल परिवारों तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे जुड़े व्यवसाय भी प्रभावित हो रहे हैं।

### टेंट हाउस संचालक, हलवाई भी परेशान

शादी-ब्याह के मौसम में व्यस्त रहने वाले टेंट हाउस संचालक और हलवाई इस बार कामर्शियल सिलेंडर की कमी से जूझ रहे हैं। बड़े आयोजनों के लिए पर्याप्त सिलेंडर उपलब्ध न होने के कारण उनकी बुकिंग और कामकाज पर भी असर पड़ रहा है।

### कमर्शियल जीरो, घरेलू के लिए लाइन

गैस एजेंसी संचालकों ने बताया कि वर्तमान में कामर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति लगभग नगण्य है। घरेलू सिलेंडर केवल बुकिंग के आधार पर सीमित मात्रा में उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ऊपर से अभी तक कोई नया निर्देश नहीं आया है, जिससे स्थिति स्पष्ट हो सके।

### पूरे जनपद में बनी हुई है समस्या

स्थानीय लोगों का मानना है कि यह संकट केवल यमुनापार के जसरा, बारा,शंकरगढ़ तक ही सीमित नहीं है, बल्कि आसपास के कई क्षेत्रों और प्रयागराज में भी यही स्थिति बनी हुई है। यदि जल्द ही आपूर्ति बहाल नहीं हुई, तो आने वाले दिनों में शादी वाले परिवारों की परेशानियां और बढ़ सकती हैं। फिलहाल, कई घरों में छपे हुए कार्ड अब भी अलमारियों में रखे हैं और परिवार उम्मीद लगाए बैठे हैं कि हालात जल्द सुधरेंगे।

# बिजली के करंट लगने से युवक छात्र की मौत



**जारी।** रविवार को जारी बाजार बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने घर के अंदर एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। कौधियारा के जारी चौकी अंतर्गत जारी बाजार में बृजेश उर्फ बब्लू शर्मा पुत्र ठाकुर प्रसाद शर्मा कई वर्षों से अपने निजी मकान में बीएससी फुटवियर नाम से जूता चप्पल की दुकान खोल रखी है । मां-बाप, पत्नी एवं दो बेटो हर्ष 24 व ईशू 21 के साथ दुकान में ही रहते है । मूल रूप से कुडी थाना बारा के रहने वाले हैं। दोनों बच्चे नैनी अपने मकान में ही रहकर पढ़ते रहे है। हर्ष शर्मा यूनाइटेड से एमबीए सेकंड वर्ष की पढ़ाई कर रहा था।मृतक हर्ष शर्मा की मां एवं दादी की तबीयत खराब चल रही है। इसलिए दोनों बच्चे जारी बाजार घर आए थे। रविवार को एक बजे बड़ा बेटा हर्ष नहाने के बाद तौलिया से बदन पोछ रहा था,कि इनवर्टर का तार निकल गया, तार ठीक करते समय हर्ष करंट की चपेट में आ गया। दस मिनट तक करंट के संपर्क में जमीन पर पड़ा रहा, कुछ देर बाद स्वजनों ने देखा तो शोर मचाया शोर सुनकर आसपास के लोग भी आ गए। तत्काल हर्ष को कनक अस्पताल बरेठिया ले जाया गया,वहां से डाक्टर ने स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल प्रयागराज भेज दिया। जहां डाक्टरों ने हर्ष को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिवार के लोग बदहवाश हो गए खबर पाकर आसपास के रिश्तेदार एवं बाजार के लोगों की भीड़ लग गई। शाम 6 बजे हर्ष का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से किशोर की गई जान



अखंड भारत संदेश

**करछना।** थाना क्षेत्र के पचदेवरा गांव के सामने रेलवे लाइन पार करते समय युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई।12 वर्षीय राज यादव पुत्र रामतौल निवासी पचदेवरा रविवार की दोपहर 12 बजे के करीब बाजार से सामान लेने के लिए जा रहे थे। तभी दिल्ली हावड़ा रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गए जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## व्यापारी नेता के आवास पर जश्ने गौसुल वरा की महफिल सजाई गई

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के मेवा लाल बगिया स्थित समाजसेवी व व्यापारी नेता नाजिम खान के आवास पर जश्ने गौसुल वरा की महफिल सजाई गई। इस महफिल में नातों ख्वानी, जिक्र मनकबत किया गया।इस खास मौके पर महफिल की सदारत काजी-ए-शहर प्रयागराज मुफ़्ती शफीक अहमद शरीफी साहब ने की। इस मौके पर मुफ़्ती शफीक अहमद शरीफी साहब ने कहा की हम सभी को दीन-ए -मुस्तफा पर चलना चाहिए और मुल्के हिंदुस्तान की सलामती और लोगों के लिए दुआ खैर की गयी। महफिल में आये हुए सभी ओलमाओ का इसतकबाल नाजिम खान ने किया। इस महफिल में लोगो की तादाद काफी थी। इव खास मौके पर मौलाना कारी आलम साहब, सैय्यद असद साहब, मौलाना परवाज, शमसे आजम साहब, हाफिज आदिल, हाफिज अलीमुद्दीन, हाफिज अनस, शमीम अहमद, आदि रहे।

# दो दिवसीय आंचलिक विज्ञान सचल विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ समापन

अखंड भारत संदेश

**करछना।** क्षेत्र के गंगा इंटरमीडिएट कॉलेज बबुरा में आयोजित दोदिवसीय आंचलिक विज्ञान नगरी लखनऊ के तत्वावधान में सचल विज्ञान प्रदर्शनी का समापन रविवार को हुआ। जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विज्ञान को लोकप्रिय बनाना तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।प्रदर्शनी बस में ह्लदैनिक जीवन में मशीनह्व विषय पर आधारित 20 स्वचालित एवं हस्तचालित मॉडल प्रदर्शित किए गए। जिनका स्कूली विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अवलोकन किया। इस दौरान विद्यार्थियों को विज्ञान आधारित फिल्में भी दिखाई गईं। तथा विज्ञान विषयक व्याख्यान भी वैज्ञानिकों की ओर से प्रस्तुत किए गए। जिससे उन्हें विज्ञान के व्यावहारिक उपयोग की गहन जानकारी प्राप्त हुई।प्रदर्शनी के माध्यम से दैनिक जीवन में मशीनों की उपयोगिता को प्रभावशाली ढंग से समझाया गया। कार्यक्रम के संयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य लक्ष्मण त्रिपाठी की ओर से सभी के प्रति आभार जताया गया। इस मौके पर विज्ञान संचारक रमेश कुमार, सूरज आदित्य, शिक्षक चंद्र प्रकाश, आरती यादव, रितु , मिथुन मिश्रा सहित विद्यालय के शिक्षक व छात्र -छात्राए उपस्थिति रही।




## बाइक से मासूम घायल मार पीट एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के सिंसई सिपाह गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद सरोज का आरोप है कि उसका नाती निहाल तीन वर्ष घर के सामने रास्ते में खेल रहा था। आरोप है कि तभी एक बाइक पर तीन सवार तीव्र गति से आए और निहाल हो टक्कर मार कर घायल कर दिए। विरोध पर जाति सूचक गालियां देते हुए परिजनों को मारे पीटे। जिससे कई को चोटें आयी है।राजेन्द्र प्रसाद ने मऊआइमा थाना में भोला उर्फ इरशाद , साहिल,अजमल सहित एक दर्जन अज्ञातों के खिलाफ विभिन्न धाराओं सहित एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# मऊआइमा में रामनवमी का निकला जुलूस, मूर्ति स्थापित कर हुआ भंडारा



अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में रामनवमी पर जुलुस निकाला गया। जुलूस सदर बाजार से उठ कर रामबाग पक्का तालाब तक गया। इस अवसर पर मोहल्ला पूरा काजी , पूरा काजी पसियान, बैरहना में स्थित मन्दिरों में मूर्ति स्थापित की गई। मूर्ति स्थापना के बाद नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न मन्दिरों पर भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रामलीला समिति के अध्यक्ष सचिन साहू, सभासद रवि साहू, प्रदीप केसरवानी, शिवप्रसाद मौर्या, जय सिंह मौर्या, हरिकेश, नीरज, देशराज, आशीष मौर्या, सुधांशु मौर्या, दिलीप केसरवानी आदि लोग मौजूद रहे।

## महरौड़ा गांव में बोरवेल का केबल काटकर चोरी, किसान की सिंचाई ठप

**सहसों।** थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों क्षेत्र अंतर्गत महरौड़ा गांव में अज्ञात चोरों ने एक किसान के खेत को निशाना बनाते हुए बोरवेल की बिजली आपूर्ति बाधित कर दी। गांव निवासी किसान गोपीचंद्र मौर्य पुत्र स्वर्गीय शिव सूरत के खेत में लगे बोरवेल से जुड़े बिजली के पोल से करीब 150 मीटर केबल तार शनिवार की रात काटकर चोरी कर लिया गया। रविवार सुबह जब किसान गोपीचंद्र मौर्य अपने खेत पहुंचे तो बोरवेल की स्थिति देखकर हैरान रह गए। उन्होंने पाया कि बिजली का केबल तार पूरी तरह कटा हुआ है, जिससे बोरवेल बंद हो गया है और खेत की सिंचाई प्रभावित हो रही है। किसान का कहना है कि इस चोरी से उन्हें काफी नुकसान हुआ है और खेत की सिंचाई में गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। घटना के संबंध में उन्होंने संबंधित पुलिस को लिखित तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ उचित कार्यवाही और न्याय की मांग की है।

# एसबीएस एकेडमी का एनुअल डे : नन्हे कलाकारों ने बिखेरी रंग-बिरंगी प्रतिभा, तालियों की गूंज से गूंजा परिसर

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** एसबीएस एकेडमी लाइनपार, शंकरगढ़ का वार्षिक उत्सव (एनुअल डे सेलिब्रेशन) शनिवार को धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया और परिसर तालियों की गूंज से गूंज उठा।

कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के चेयरमैन एस.बी. सिंह एडवोकेट द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई। उन्होंने बच्चों की मेहनत और हुनर की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और आत्मविश्वास को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

इस अवसर पर प्रिसिंपल शर्मिला सिंह ने बच्चों के उत्साह, लगन और रचनात्मकता की सराहना की। उन्होंने कहा कि मंच पर खुद को व्यक्त करना बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण और टीम भावना को मजबूती देता है।कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य, नाटक, हास्य रंगमंच, गान और समूह प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। छोटी-छोटी प्रस्तुतियों में लोकनृत्य, बॉलीवुड स्टाइल डांस, कहानी पर आधारित नाट्य और हास्यपूर्ण स्किट शामिल थे। हर प्रस्तुति ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया और बच्चों के उत्साह को नई ऊँचाई दी। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभाशाली बच्चों को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधान शैलेन्द्र सिंह, मंडल अध्यक्ष अखिलेश सिंह, अमित सिंह शिक्षकों में विभा सिंह, संगीता सिंह, हिमांशू सिंह, प्रतिमा सिंह, सुधा सिंह, काजल सिंह, तनू सिंह, प्रियंका सिंह, ज्योति पाण्डेय, तनू सिंह बघेल, मधू मिश्रा, कशिश केशरवानी, रंजना सिंह, अंजली सेन, आमिर अजहर, नीलिमा वर्मा, राजेश सिंह, दिनेश सिंह, सविनय सिंह और आदर्श त्रिपाठी समेत शिक्षकगण उपस्थित थे।








# सहसों में कांग्रेस का सद्भावना होली-ईद मिलन समारोह, भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब का दिया संदेश

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** अमर मेमोरियल पब्लिक स्कूल, सहसों चौराहा में रविवार को कांग्रेस पार्टी गंगापार के तत्वावधान में सद्भावना होली एवं ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और पार्टी कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सामाजिक समरसता की अनूठी मिसाल पेश की। समारोह के मुख्य अतिथि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शेखर बहुगुणा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि होली और ईद जैसे पर्व हमारी साझा संस्कृति और एकता के प्रतीक हैं। कांग्रेस पार्टी सदैव सभी धर्मों और वर्गों को साथ लेकर चलने की पक्षधर रही है। ऐसे आयोजन समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करते हैं। उन्होंने भारत की गंगा-जमुनी तहजीब को देश की असली ताकत बताते हुए कार्यकताओं से इसे घर-घर तक पहुंचाने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष गंगापार अशफाक अहमद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से सर्वधर्म समभाव की नीति पर चलती रही है। इस तरह के सद्भावना मिलन समारोह समाज के हर वर्ग को एक सूत्र में पिरोने का काम करते हैं। होली के रंग और ईद की खुशियां आपसी रिश्तों को और अधिक मजबूत बनाती हैं। समारोह के दौरान कार्यकताओं और उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। कार्यक्रम की आयोजिका जिला उपाध्यक्ष निशा सिंह ने कहा कि होली के रंग और ईद की मिठास समाज को जोड़ने का कार्य करती है। कार्यक्रम का संचालन जिलामहासचिव सुनील पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकताओं ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रमुख से विधानसभा प्रभारी देवराज उपाध्याय, डॉ. जगत नारायण सिंह, राम किशुन सिंह पटेल, शरद उपाध्याय मुन्ना, भोला तिवारी, उर्मिला सिंह, सूफिया बानो, डॉ. अमर सिंह पटेल, मंजू मौर्या, रचना पाण्डेय, मंगली कुशवाहा, गिरधारी लाल गौतम, रितेश पासी, संगम लाल गुप्ता, लवकुश मिश्रा, आलोक कनौजिया, शिव चन्द्र बिंद, प्रदीप पाण्डेय, पंचू पासी, मो. शमीम, मो. यूसुफ, डॉ. फरीद अंसारी, अजीत पासी, सियाराम मौर्या, आनंद सिंह, कल्लू तिवारी, देवेन्द्र गौतम, विनोद तिवारी, इन्द्रभान सिंह, दीपमाला, पुष्पा चौधरी, श्याम बाबू यादव, राधा रमण यादव, मो. मुसारिफ, सहाना बेगम, चाइना देवी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# सहसों में 'मन की बात' का 132वां एपिसोड सुना गया प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों और युवाओं की सराहना की

**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी मंडल सहसों के अंतर्गत मन की बात कार्यक्रम का आयोजन शक्ति केंद्र बेलवा में संयोजक प्रसिद्ध नारायण पांडे के आवास पर किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के 132वें एपिसोड को कार्यकताओं एवं स्थानीय लोगों ने बड़े ध्यानपूर्वक सुना। इस दौरान प्रधानमंत्री ने T-20 वर्ल्ड कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम की सराहना करते हुए कहा कि टीम ने कठिन परिस्थितियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाया है। खिलाड़ियों ने विश्व कप जीतकर देश का परचम पूरी दुनिया में लहराया। साथ ही उन्होंने युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि आज के युवा कृषि से लेकर खेल तक हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और विचारों के बल पर देश को विकसित भारत की ओर अग्रसर कर रहे हैं।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल महामंत्री पवन कुमार शुक्ला रहे। इस अवसर पर लक्ष्मीकांत पांडे, प्रवीण जायसवाल, सूर्यमणि पांडे, डॉ. राजेंद्र वर्मा, दीनानाथ पटेल, संजय तिवारी, आनंद तिवारी, अजीत पांडे, शिवा पांडे और शालिग्राम प्रजापति सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी क्रम में सहसों बाजार स्थित बूथ संख्या 189 पर भी ह्यमन की बातह्न का 132वां एपिसोड जिला संयोजक नमामि गंगे भाजपा गंगापार राजधर द्विवेदी की उपस्थिति में सुना गया। यहां शिव बाबू केसरवानी (मंडल महामंत्री), अंकित केसरवानी राजा, कन्हैया केसरवानी छोटू, रवि केसरवानी, अशोक केसरवानी, पिंटू केसरवानी, प्रमोद, राजू और गोल्डी साहू सहित कई भाजपा कार्यकर्ता एवं व्यापारी मौजूद रहे।

# नैनी में श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर से भव्य शोभा व कलश यात्रा निकाली गई

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी स्टेशन रोड हनुमान नगर में श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव से पहले रविवार को भव्य शोभायात्रा व कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ो महिलाएं व व्यापारी शामिल थे। जिसमें डीजे भांगड़ा के धुन पर महिलाएं सर पर कलश रखे हुए नाचती हुई हर हर महादेव के उद्घोष, शंखनाद और भक्ति संगीत से पूरा नैनी क्षेत्र राममय हो उठा। शोभायात्रा हनुमाननगर से प्रारंभ होकर नैनी बाजार, शंकरढाल, कॉटनमिल तिराहा, सब्जी मंडी व मेवालाल की बगिया होते हुए पुनः अपने प्रारंभिक स्थल पर समाप्त हुआ



शोभायात्रा में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर यात्रा की शोभा बढ़ाई जबकि श्रद्धालु भगवा ध्वज लहराते हुए हर हर महादेव के जयकारे लगाते रहे। यात्रा में नैनी थाने की फोर्स सुरक्षा व्यवस्था में लगी हुई थी। यात्रा में मुख्य रूप से राम तारक चौरसिया, समाजसेवी योगेश चौरसिया बाबा कंस्ट्रक्शन,



पार्षद व व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जयसवाल, दिलीप केसरवानी, घनश्याम जायसवाल, सुभाष केसरवानी, सोनू मिश्रा, त्रिभुवन चौरसिया, एडवोकेट कृष्णा केसरवानी, राकेश चौरसिया, सोनू विश्वकर्मा, शरद जायसवाल, मोनू जायसवाल, धर्मराज पटेल, लखन लाल केशरवानी, आशीष जायसवाल, रानू त्रिपाठी, डॉ मोनू केसरवानी राजेश साहू, विनोद केसरवानी रमेश केसरवानी, बैजनाथ गुप्ता, श्री कुशवाहा वह सैकड़ो व्यापारी शामिल थे।

# स्वामी विवेकानंद स्कूल में नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर किया उनका भव्य स्वागत किया

## बच्चों की हुई नकल विहीन प्रवेश परीक्षा हुई संपन्न

अखंड भारत संदेश

**थरवई।** रविवार को स्वामी विवेकानंद सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में प्रधानाचार्य दिनेश कुमार पाण्डेय के कुशल पर्यवेक्षण में नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर उनका सम्मान बढ़ाते हुए विद्या के मंदिर में प्रवेश किया। जिसके पश्चात माँ सरस्वती वंदना के साथ प्रवेश परीक्षा प्रारम्भ हुई। जिसमें बच्चों का शिक्षकों की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नकल विहीन प्रवेश परीक्षा संपन्न हुई। इस दौरान विद्यालय स्टॉफ में आशुतोष पाण्डेय, राम सूरत, बाल जी मिश्र, अनुराधा त्रिपाठी, गौरव पाण्डेय, यादवेन्द्र पाण्डेय, चंद्रधर तिवारी, आशुतोष मिश्रा, तुंग नाथ त्रिपाठी की मौजूदगी में प्रवेश परीक्षाएं संम्पन्न हुई।





# नैनी पुलिस और नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

## कब्जे से अवैध गांजा बरामद

नैनी। नैनी पुलिस और नारकोटिक्स टास्क फोर्स कमिश्नरेट प्रयागराज की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 52 किलोग्राम अवैध गांजा, एक चार पहिया वाहन और एक स्मार्ट फोन बरामद किया गया है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 2.10 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई 28 मार्च को मुखबिर की सूचना पर की गई। संयुक्त टीम ने नैनी थाना क्षेत्र के पुराना यमुना पुल के पास से अभियुक्त विकास पाल निवासी सैदपुर थाना करैली को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से दो बोरियों में रखा 52 किलो गांजा बरामद हुआ। इसके साथ ही घटना में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की हुंडई कार



और एक स्मार्ट फोन भी जब्त किया गया। इस संबंध में थाना नैनी में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह एक अज्ञात व्यक्ति के कहने पर गांजा पहुंचाने का काम करता है और इसके बदले उसे पैसे मिलते हैं। उसने बताया कि उसे उक्त गांजा कोरांव पहुंचाने के लिए दिया गया था लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी रहा है और उसके खिलाफ पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

# खादी के शोध, डिजाइनर, मानकीकरण के तहत खादी सेमिनार का आयोजन 30 मार्च को

## खादी सेमिनार का शुभारंभ फाफामऊ के माननीय विधायक जी के द्वारा किया जाएगा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** खादी के शोध, डिजाइनर, मानकीकरण एवं प्रचार प्रसार योजना के तहत खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा जिले में मण्डल स्तरीय खादी सेमिनार का आयोजन 30 मार्च को 10:00 बजे प्रयागराज के आशीर्वाद गेस्ट हाउस में किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय विधायक फाफामऊ श्री गुरु प्रसाद मौर्य जी के द्वारा किया जाएगा। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य खादी को पर्यावरण अनुकूलित स्वदेशी प्रकृति एवं स्टेबल बेसिक के रूप में बढ़ावा देना है साथी युवा पीढ़ी को खादी के आधुनिक स्वरूप व फैशन में इसकी उपयोगिता से अवगत कराना कराया जाएगा, ताकि खादी को एक ट्रेडिंग एवं उपयोगी परिधान के रूप में अपने के लिए प्रेरित किया जा सके कार्यक्रम के में खादी उत्पादों की विशेषताओं नवाचार, डिजाइनर रोजगार के अवसर पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी परिक्षेत्र अधिकारी जवाहर लाल ने बताया कि अधिक से अधिक संख्या में सेमिनार में प्रतिभा कर खादी से के प्रति जागरूकता बढ़ाएं एवं खादी की वस्तुओं के उपयोग को अपना बनाकर स्वदेशी पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। इस मौके पर खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी जवाहर लाल सुनील कुमार, आशीष यादव,हिमांशु यादव, राम लाल व अन्य लोग मौजूद थे ।

# शिव पार्वती विवाह प्रसंग सुनकर भाव विभोर हुए हजारों श्रोता

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** देवबरा धाम में चल रही श्रीराम कथा के दूसरे दिन, रविवार को भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह प्रसंग का वर्णन सुनकर श्रोता भावविभोर हो उठे। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथावाचक पूज्य राजन जी महाराज ने शिव विवाह प्रसंग को इतनी भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत किया कि पूरा पंडाल हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। कथा का आयोजन राधे मोहन पांडेय के संयोजन में किया गया है। पूज्य राजन जी महाराज ने भगवान श्रीराम और माता सीता से जुड़े विभिन्न तीर्थ स्थलों का उल्लेख करते हुए निषादराज गुह और केवट प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। इसके साथ ही उन्होंने माता सती के त्याग, भगवान शिव की तपस्या और कामदेव के दहन की कथा भी सुनाई। उन्होंने कहा कि कथा सुनने से जीवन की व्यथा समाप्त होती है और मन को शांति प्राप्त होती है। महाराज ने बताया कि माता पार्वती के पुनर्जन्म के बाद महादेव से विवाह का समय आया तो देवताओं और समस्त लोकों में उल्लास फैल गया। जब शिव बारात लेकर हिमालय पहुंचे, तो देवी पार्वती भयभीत हो उठीं। लेकिन नारद जी के आगमन और पूर्व जन्म की कथा सुनाने के बाद उनका भय दूर हो गया। अंततः शिव-पार्वती का दिव्य विवाह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र प्रसाद शुक्ल, पूर्व विधायक कथा संरक्षक उदयभान करवरिया, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, ब्लाक प्रमुख शैलेश यादव, अवधेश कुमार तिवारी, श्याम द्विवेदी, वैभव करवरिया,



बालकृष्ण तिवारी, जगदीश तिवारी, सुरेश पांडेय, विजयमनि पांडेय, सचिन तिवारी, रविंद्र पांडेय, राजित राम तिवारी, भोला नाथ त्रिपाठी, कपिल तिवारी, चांडिका त्रिपाठी, विजय त्रिपाठी, कृष्णराज शुक्ला, साहब तिवारी, आकाश तिवारी, अरुण मिश्रा, पिंटू पांडेय, प्रधान, पिंटू मिश्र, विकास इलाहाबादी, अनुराग पांडेय, अंशुमान शुक्ला, निशांत तिवारी, रिशू पांडेय, गोविंद उपाध्याय, आदर्श पांडेय, विकाश शुक्ला, शिवकुमार तेजस्वी, सुमित तिवारी, रामेश्वर तिवारी, प्रमोद गुप्ता प्रधान, रिंकू मिश्रा, किशन पाठक, शैलेश पाठक, हर्ष तिवारी, विवेक दुबे, अमित आचार्य, मंगल पांडेय, जतिन पांडेय, आकाश दुबे, निखिल पांडेय, दीपक उपाध्याय सहित तमाम लोग मौजूद रहे। कानून व्यवस्था हेतु थानाध्यक्ष सरायममरेज अतुल कुमार मिश्र दर्जनों महिला पुरुष पुलिसकर्मी से साथ कथा स्थल के साथ प्रांगण में भ्रमण करते रहे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार अमरेश पांडेय की दर्दनाक मौत



**जंघई।** सराय ममरेज थानांतर्गत भेलखा, वृंदावन गांव निवासी अमरेश कुमार लल्लू पांडेय 58 वर्ष तीन भाईयों संकठा प्रसाद पांडेय, गुलाब चंद्र पांडेय सेवानिवृत एडीओ पंचायत में लल्लू सबसे छोटे थे शुक्रवार को देर शाम बारिश होने के कारण भेलखा बाजार से वृंदावन अपने घर जा रहे थे, जैसे ही हनुमान मंदिर से आगे पहुंचे और घर की तरफ दाहिने जाने लगे कि सामने और पीछे से बाइक सवार लोगों से टक्कर हो गई और लल्लू गिरकर तड़पने लगे टक्कर इतनी जोरदार थी कि लल्लू गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। सिर में गंभीर चोंट आई परिजन सूचना पर पहुंचे और इलाज हेतु प्रयागराज में भर्ती कराया जहां शनिवार 3 बजे भोर में उनका निधन हो गया। परिजनों को सूचना मिली तो कोहराम मच गया सबका रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार, गांव, क्षेत्र में इस आकस्मिक दुर्घटना से शोक का माहौल व्याप्त है। मृतक लल्लू के परिवार में उनकी पत्नी, दो बेटे हैं, एक बेटे की की सड़क दुर्घटना में करीब 13 वर्ष पहले मृत्यु हो गई थी लल्लू पांडेय के आकस्मिक मृत्यु से परिवार गहरे सदमे में है।

# एसीपी मेजा और थाना प्रभारी की सक्रियता से लापता किशोर हुआ बरामद पुलिस ने ली राहत की सांस

### परिजनों के अपहरण की सूचना पर एक्टिव हुए एसीपी एसपी उपाध्याय और कोतवाल मेजा दीनदयाल सिंह, टीम गठित कर खुद ही संभाली कमान

## परिजनों के अपहरण की आशंका निकली गलत,पुलिस ने छात्र गणेश को उसके मौसी के घर से किया सकुशल बरामद, रिजल्ट ठीक न आने के कारण नाबालिक छात्र गणेश ने उठाया ऐसा कदम

**मेजा।** नाबालिग छात्र गणेश तिवारी (अंश) के अपहरण की सूचना पर एक्टिव हुए एसीपी मेजा और इंस्पेक्टर मेजा की सक्रियता से मेजा पुलिस टीम आखिरकार छात्र को सकुशल बरामद कर लिया और परेशान परिजनों को सौंप कर राहत की सांस ली है। बच्चे के सकुशल बरामद होने से परिजनों ने मेजा पुलिस का आभार जताया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के बिसहिजन कला गांव निवासी उमाकांत तिवारी का बड़ा



लापता हुए छात्र गणेश को सकुशल बरामद करने के बाद मेजा थाने में पूंछ ताँछ करते इंस्पेक्टर मेजा

पुत्र गणेश तिवारी 14 वर्ष जो उरुवा स्थित चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल मनु का पूरा का कक्षा 7वीं का छात्र है, बताया जाता है कि शनिवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे वह घर से टहलने के बहाने निकला था इस दौरान काफी देर बाद तक उसके वापस न लौटने पर परिजनों को उसकी चिंता होने लगी और खोजबीन शुरू कर दिया लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला तो परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय और कोतवाल मेजा दीनदयाल सिंह को सूचित करते हुए मेजा थाने में अपहरण की तहरीर दिया। उल्लेखनीय है कि किशोर के अपहरण होने की सूचना मिलते ही अधिकारियों के हांथ पांव फूल गए और आनन फानन टीम गठित कर एसीपी और कोतवाल मेजा ने खुद ही कमान संभाली और क्षेत्र में चप्पे चप्पे पर पुलिस की सक्रियता बढ़ाते हुए बच्चे की तलाश में जुट गए। गौरतलब है कि दोनों अधिकारियों और गठित मेजा पुलिस टीम हर एंगिल पर पैनी नजर रखा और इसी दौरान पुलिस को किसी ने लोकेशन दिया कि छात्र गणेश तिवारी अपना रिजल्ट ठीक न होने के डर से अपनी मौसी के घर चला गया है जिसके बाद पुलिस वहां पहुंचकर छात्र गणेश को सकुशल बरामद कर राहत की सांस लेते हुए परिजनों को सुपुर्द कर दिया। बता दें कि बच्चे के सुरक्षित मिलने के बेहद परेशान परिजनों ने दोनों अधिकारियों और मेजा पुलिस टीम का आभार जताया है।

## दिलीप केसरवानी का पार्षद मनोनीत होने पर भव्य स्वागत हुआ

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में केसरवानी वैश्य सभा नैनी के तत्वावधान में रविवार को नैनी थाने के समीप स्थित बैंक्वेट हॉल में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नैनी के काजीपुर निवासी भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष दिलीप केसरवानी को प्रयागराज का पार्षद मनोनीत किए जाने पर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से वैश्य समुदाय के लोगों ने दिलीप केसरवानी को पार्षद मनोनीत किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के प्रति आभार प्रकट किया। पार्षद दिलीप केसरवानी ने अपने संबोधन में समाज के लोगों को धन्यवाद देते हुए यथासंभव मदद करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी लखन लाल केसरवानी तथा संचालन नैनी व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुभाष चंद्र केसरवानी ने की। इस मौके पर गुलाब चंद्र वैश्य, रामबाबू केसरवानी, आर.डी केसरवानी, शिवमूरत केसरवानी, गौरव केसरवानी, राजेश केसरवानी, नितिन केसरवानी (बबलू) विधायक, प्रेमचंद केसरवानी, एडवोकेट कृष्णा केसरवानी, वंश केसरवानी, राधेश्याम केसरवानी, सतीश केसरवानी, मुकेश केसरवानी, सचिन वैश्य, विजय केसरवानी, मनोज केसरवानी आदि लोग मौजूद रहे।

# मेजा ब्लाक में प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों की आज आयोजित होगी बड़ी बैठक

### बैठक में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी होगी साझा लोगों को किया जाएगा जागरूक

**मेजा।** ब्लॉक कैंपस मेजा के सभागार में आगामी 30 मार्च को ब्लाक प्रमुख मेजा श्रीमती गायत्री मिश्रा की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक आयोजित की गई है जिसमें क्षेत्र पंचायत सदस्यों के अलावा ग्राम प्रधान एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रमुख मेजा के कारखास मयंक शुक्ला ने बताया कि बैठक में जल जीवन मिशन, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं,कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं,स्वस्थ विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की योजनाओं स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय आजीविका योजनाओं, पीएम सीएम आवास योजना, ग्राम पंचायत विभाग की महत्वाकांक्षी योजनाओ, महात्मागांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना,क्षेत्र पंचायत पंचम वित्त आदि के अलावा कई अन्य बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक फोकस करते हुए



मयंक शुक्ला

लोगों को जागरूकता प्रदान की जाएगी। श्री शुक्ला के अनुसार इस मौके सभी विभाग के

संबंधित अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक की शुरूआत दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। श्री शुक्ल ने इस अवसर सभी बीडीसी सदस्यों, ग्राम प्रधानों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों को उक्त निर्धारित समय पर ब्लाक कैंपस मेजा में पहुंचने की अपील किया है।

# महिलाओं को महिला सशक्तिकरण, मिशन शक्ति अभियान के प्रति जागरूक किया गया



अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी थाना द्वारा लगातार चल रहे मिशन शक्ति फेस 5.0 अभियान के अंतर्गत मिशन शक्ति टीम ने नैनी क्षेत्र के हनुमान नगर मंदिर के पास महिलाओं को महिला सशक्तिकरण, मिशन शक्ति अभियान तथा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम के दौरान टीम द्वारा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा उच्च अधिकारियों द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुपालन में महिलाओं को उनकीसुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया गया। साथ ही विभिन्न आपातकालीन एवं सहायता हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को जागरूक कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया गया।

# प्रयागराज की खेलो इंडिया महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता संपन्न

## स्पोर्ट्स स्टेडियम विजेता तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय की टीम बनी उपविजेता

अखंड भारत संदेश

**मेजा ।** स्थानीय पतंजलि ऋषिकुल स्कूल के प्रांगण में डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन, प्रयागराज द्वारा दो दिवसीय ₹ अस्मिता खेलो इंडिया महिला प्रयागराज वॉलीबाल लीग ₹ संपन्न हुई। जिसमें कुल 16 टीमों ने प्रतिभाग कर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। देर रात्रि दुधिया प्रकाश में खेले गए खेलो इंडिया महिला प्रयागराज लीग का फाइनल मुकाबला इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज और मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रयागराज के बीच खेला गया। जिसमें मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रयागराज ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज की टीम को 25 - 21, 19 - 25 व 25 - 23 अंको से हराकर प्रयागराज महिला वॉलीबाल की चैंपियनशिप ट्रॉफी पर अपना




कब्जा कर लिया। इसके पूर्व खेले गए प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल मैच में इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने केंद्रीय विद्यालय इफको फूलपुर को 25 - 21 व 25 - 18 अंकों से तथा दूसरे सेमीफाइनल मैच में मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट्स स्टेडियम ने पंतजलि ऋषिकुल तेलियरगंज को 25 - 16 व 25 - 18 अंकों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। उसी क्रम में फाइनल मैच के पूर्व प्रतियोगिता का हार्डलाइन मैच पतंजलि ऋषिकुल तेलियरगंज और केंद्रीय विद्यालय इफको फूलपुर के बीच खेला गया,जिसमें पतंजलि ऋषिकुल तेलियरगंज ने केंद्रीय विद्यालय इफको फूलपुर को 25 - 23 व 25 - 21 अंकों से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह पूर्व अंतरराष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी जॉर्डन.एच.नाथ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। समापन समारोह के अवसर पर मेजबान विद्यालय के बच्चों द्वारा बहुत ही सुंदर स्वागत गीत एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रयागराज शहर उत्तरी के लोकप्रिय भाजपा विधायक मा.ई.हर्षवर्धन बाजपेयी जी ने फाइनल मैच शुरू होने से पूर्व दोंनो टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन,प्रयागराज के महासचिव आर.पी.शुक्ला ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का बुके एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक करछना आंनद कुमार उर्फ कलेक्टर पांडेय ने विजेता टीम मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट्स स्टेडियम को चैंपियन शील्ड व मेडल तथा उपविजेता टीम इलाहाबाद विश्वविद्यालय की टीम को शील्ड व मेडल और निर्णायकों को व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं मेजबान विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं प्रतियोगिता के संयोजक नित्यानंद सिंह ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किया। डीवीए के कोषाध्यक्ष के.बी.एल.श्रीवास्तव ने अतिथियों का बैच व माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रतियोगिता के दौरान नेशनल रेफरी अल्ताफ अली व फूलचंद गुप्ता के साथ मुकेश शुक्ला, अकांत गुप्ता, निहारिका यादव, संतोष कुमार, धन्नजय राय व आर.पी.राय ने निर्णायक की भूमिका अदा की। कार्यक्रम का संचालन श्रती मलाकार व बालकृष्ण के द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव डॉ.कृतिका अग्रवाल, एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विजया सिंह, प्रधानाचार्या विभा श्रीवास्तव, अरुण सचान, रामनरेश शुक्ला, प्रभाकर चौबे, राजेश वर्मा, राजू पाल, अर्पित द्विवेदी, सौरभ अग्रवाल, प्रवीण पांडेय, चाँदनी वर्मा, नृपजीत सिंह सचान, भैयाराम यादव, अनुपमा द्विवेदी, आनंद फौजी, आशीष कनौजिया, जयेन्द्र प्रताप सिंह, विद्यालय के खेल प्रभारी सुमित यादव, सुचित्रा पांडेय व खुशबु गुप्ता आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहें।।

# सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में वार्षिकोत्सव का हुआ भव्य आयोजन

## मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**




**प्रतापगढ़।** सेठ एम. आर. जयपुरिया स्कूल में सेलेब्रेटिंग भारत के अन्तर्गत आयोजित आरोहण-2026 वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य और गरिमामय आयोजन विद्यालय परिसर में बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर शिक्षा संस्कृति कला और प्रतिभा का अद्भुत संगम देखने को मिला। विद्यार्थियों की रंगारंग प्रस्तुतियों और मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान से पूरा वातावरण उत्सवमय हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, पुलिस अधीक्षक दीपक भूखर, पूर्व अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी एवं कोच राजेन्द्र सिंह बेदी सीआरपीएफ के डिप्टी कमांडेंट अरुण कुमार मायरा एकेडमी के निदेशक डॉ. मनीष झा विद्यालय के चेयरमैन डॉ. राजेन्द्र सिंह मैनेजर डॉ. मनीष सिंह, डायरेक्टर डॉ. मनीषा सिंह तथा प्रधानाचार्य डॉ. ऋचा भार्गव उपस्थित रहे। दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात विद्यार्थियों द्वारा गणेश वंदना एवं ह्मिले सुर मेरा तुम्हाराह्व ऑर्केस्ट्रा की मनमोहक प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विद्यालय के प्रतिभावान मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में प्रतापगढ़ जिला टॉपर रहे सौर्य सैनी, अरनव मौर्य एवं प्रांजल त्रिपाठी, जेईई मेन्स परीक्षा में नेशनल टापर रही मेधा खंडेलवाल एवं अभिषेक सिंह, विद्यालय के टॉपर्स, भारत को जानो प्रतियोगिता के स्टेट टॉपर ऐंजल केसरवानी एवं यशी वर्मा, हिन्दुस्तान ओलंपियाड के जिला टॉपर यश खंडेलवाल, सुकृति मिश्रा, स्वाति त्रिपाठी, अन्नया गुप्ता एवं तैमूर, अमर उजाला नेशनल ओलंपियाड के जिला टॉपर दीक्षा शुक्ला, सूर्यांश, हर्षित हर्षदीप एवं वासु अग्रवाल एस.ओ.एफ. ओलंपियाड के अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय विजेता पिनाकल इंटर जयपुरिया एथलेटिक्स मीट चैंपियनशिप की विजेता श्रेया कसौधन एवं साइमन्स सीबीएसई क्लस्टर प्रतियोगिता के विजेता तथा जिला स्तरीय बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा शील्ड, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत ह्यूनिटी इन डाइवर्सिटीह्व की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया, जिसमें गोवा जम्मू-कश्मीर और गुजरात की सांस्कृतिक झलक दिखाई गई। इसके अतिरिक्त रेट्रो रंगमंच वेस्टर्न डांस और रैम्प वॉक जैसी आकर्षक प्रस्तुतियों ने समारोह में चार चांद लगा दिए। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. ऋचा भार्गव ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक, खेलकूद एवं सहशैक्षिक उपलब्धियों को विस्तार से साझा किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में बंगाल नृत्य उत्सव मिथिला संगीत उत्सव, ब्रज-अवध लोक उत्सव पंजाबी सुरताल हरियाणवी नृत्य राजस्थानी लोकनृत्य तमिलनाडु की शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुति तथा कव्वाली ने पूरे कार्यक्रम को सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूखर ने संयुक्त रूप से कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं। वहीं विद्यालय के चेयरमैन डॉ.राजेन्द्र सिंह मैनेजर डॉ. मनीष सिंह एवं डायरेक्टर डॉ. मनीषा सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा के साथ संस्कार, संस्कृति और नेतृत्व क्षमता से समृद्ध बनाना है, ताकि वे भविष्य में देश और समाज के लिए प्रेरणास्रोत बन सकें। समारोह का समापन कर्टेन कॉल, धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर मैनेजमेंट प्रभारी शेखर जैन बच्चा सिंह जयपुरिया कॉरपोरेट की सुधा देवराज तूलिका चरण आनन्द एवं महिमा भारत को जानो प्रतियोगिता के इंचार्ज उदयभानु सिंह गोविन्द प्रसाद अश्विनी कुमार शरद केसरवानी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सत्य प्रकाश पाण्डेय एवं उनकी सहयोगी टीम ने किया।

### मारपीट व तोडफोड की घटना में चार के खिलाफ केस

**प्रतापगढ़।** मारपीट व तोडफोड की घटना को लेकर लालगंज पुलिस ने दो नामजद तथा दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के डीहमेंहदी निवासी संतोष कुमार यादव पुत्र स्व0 जगन्नाथ ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सत्ताईस मार्च को रात करीब साढ़े सात बजे थाना क्षेत्र के काजीपुर प्राथमिक विद्यालय के सामने आरोपियों ने उसकी कार को रोक लिया। आरोपी पदनाथपुर लक्ष्मणपुर निवासी प्रदीप यादव पुत्र राजेन्द्र यादव तथा रवि उपाध्याय व दो अज्ञात ने गालीगलौज शुरू कर दी। मना करने पर आरोपियो ने उसकी ब्रेजा कार में तोडफोड की। शोर मचाने पर आरोपियो ने पीडित की पिटाई कर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी रवि समेत चार के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा तोडफोड व धमकी का केस दर्ज किया है।

### अधिवक्ताओं की आम सभा आज

**लालगंज।** संयुक्त अधिवक्ता संघ की आमसभा की बैठक आज सोमवार को दिन में बारह बजे से होगी। आमसभा में संघ की कार्यकारिणी के चुनाव समेत विभिन्न मुददो पर विचारविमर्श किया जाएगा। यह जानकारी महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय ने दी है।

# हत्या के प्रयास में वांछित दो इनामिया आरोपी गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**




**पट्टी।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना दिलीपपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित दो इनामिया आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। दोनों आरोपियों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित था।

पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल एवं क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी दिलीपपुर बलराम सिंह के नेतृत्व में पुलिस एवं स्वाट सर्विलांस टीम वांछित अभियुक्तों की तलाश में जुटी थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के प्रकट नाथ मंदिर के पास से दोनों आरोपियों राजा उर्फ शनि गौतम (20) एवं प्रियांशु उर्फ अर्जुन (18), निवासी ग्राम छीटपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, 8 जुलाई 2025 की रात वादी पर ग्राम छीटपुर स्थित सतीमाई की बाग में घात लगाकर हमला किया गया था। आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और रुपये व सोने की चेन छीनकर फरार हो गए थे। इस संबंध में थाना दिलीपपुर में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वे लगातार ठिकाने बदलकर छिपते फिर रहे थे और न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं कर रहे थे। पुलिस टीम में थाना प्रभारी बलराम सिंह उपनिरीक्षक रमिल कुमार, उपनिरीक्षक पंकज वर्मा हेड कांस्टेबल सुभाष विश्वकर्मा कांस्टेबल जगदीश प्रसाद कांस्टेबल राजेश कुमार यादव कांस्टेबल आनंद प्रकाश यादव महिला कांस्टेबल किरन महिला कांस्टेबल संगीता एवं चालक हेड कांस्टेबल हरिकेश यादव व स्वाट सर्विलांस टीम में उपनिरीक्षक अमित कुमार चैरसिया एवं कांस्टेबल सूर्यप्रताप सिंह शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा जनपद में अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

# अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार




**प्रतापगढ़।** अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना देल्हूपुर पुलिस ने अवैध असलहा रखने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से तमंचा, कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में चल रही कार्रवाई के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल एवं क्षेत्राधिकारी रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी देल्हूपुर राधेश्याम के नेतृत्व में पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम चांदपुर स्थित सरकारी ट्यूबवेल के पास से अरविन्द तिवारी उर्फ वीरु तिवारी (29), निवासी सडारी खजुरनी, थाना कोतवाली नगर, को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध 315 बोर तमंचा, तीन जिंदा कारतूस तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। इस बरामदगी के आधार पर थाना देल्हूपुर में मुकदमा दर्ज किया गया है। बरामद मोटरसाइकिल को धारा 207 एमवी एक्ट के तहत सीज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अतुल यादव, हेड कांस्टेबल सुनील यादव एवं कांस्टेबल उपेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# देश में उपजा माहौल पीएम के गैर जिम्मेदाराना बयान की देन : प्रमोद तिवारी



**लालगंज।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने ईंधन आपूर्ति को लेकर देश में बने भ्रमपूर्ण माहौल के लिए प्रधानमंत्री के वक्तव्य को जिम्मेदार बताया है। उन्होने कहा कि ईरान तथा इजराइल व अमेरिका युद्ध को लेकर पीएम मोदी ने युद्ध को लम्बा खिंचने का वक्तव्य देकर लोगों के बीच संशय का माहौल बना दिया। उन्होने कहा कि पीएम मोदी ने युद्ध को लेकर कोविड जैसे संकट का सामना करने के लिए देशवासियों को तैयार रहने की बात कहकर भी गैरजिम्मेदाराना वक्तव्य दिया। उन्होने कहा कि इससे यह साफ जाहिर है कि ईंधन आपूर्ति को लेकर अफवाह अथवा संकट के लिए प्रधानमंत्री का दिया गया वक्तव्य ही पूरी तरह से जिम्मेदार है। उन्होने सवाल दागा कि देश में डीजल व पेट्रोल तथा रसोई गैस के लिए लगने वाली लाईन के लिए क्या प्रधानमंत्री का गैरजिम्मेदाराना वक्तव्य जिम्मेदार नही है। वहीं उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की विदेश नीति में भटकाव के चलते देश को नुकसान उठाना पड़ रहा है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि हॉर्मुज का भारत के लिए खुलना तत्कालीन प्रधानमंत्री पं0 नेहरू और इन्दिरा गांधी तथा अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल में बनाए गए दूरदर्शी रिश्ते का उपलब्धपूर्ण नतीजा है। वहीं उन्होने पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के घुसपैठिया से जुडे बयान को भी चुनावी राग करार दिया है। उन्होने कहा कि अर्न्तराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा की जबाबदेही सीधे केन्द्र की जिम्मेदारी है। सांसद प्रमोद तिवारी ने गृहमंत्री से सवाल दागा कि वह देश को बतायें कि अर्धसैनिक बल जब पचास किलोमीटर इधर से उधर जा सकते हैं तब यह घुसपैठ कैसे सम्भव हो पाती है। उन्होने कहा कि जहां जहां चुनाव हुआ करता है भाजपा घुसपैठिये का रटारटाया डॉयलाग बोलने लगती है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि हर जाति धर्म को घुसपैठिया कहना देश का अपमान है। उन्होने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बिहार में चुनाव खत्म होते ही अब वहां वह घुसपैठिया का डॉयलाग आखिर कैसे भूल गयी है। उन्होने दावा जताया कि यूपीए के कार्यकाल में एक वर्ष के भीतर जितने घुसपैठिये निकाले गये उतना तो दूर भाजपा के बारह वर्ष के कार्यकाल में कोई घुसपैठिया देश से बाहर नही निकाला जा सका। सांसद प्रमोद तिवारी का बयान रविवार को मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

# कन्या पूजन और भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**कुंडा।** बाबागंज विकास खंड के राजापुर गाँव स्थित ऐतिहासिक माँ काली धाम में नवरात्रि के पावन अवसर पर नौ दिनों तक भव्य आरती, पूजन और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। नवरात्रि के समापन पर शुक्रवार को माँ काली की विशेष पूजा के साथ कन्या पूजन और कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस आयोजन में क्षेत्र की सैकड़ों कन्याओं ने भाग लिया। डॉक्टर आदित्य रंजन त्रिपाठी ने भी इस अवसर पर उपस्थित होकर विधि-विधान के अनुसार कन्याओं का पूजन किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।शनिवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। भक्तों ने माँ काली के दर्शन कर अपनी मनोकामनाएँ व्यक्त कीं। मान्यता है कि माँ काली धाम में सच्चे मन से की गई प्रार्थना हर हाल में पूरी होती है। कार्यक्रम के दौरान मुंबई के प्रतिष्ठित व्यवसायी और राधा मानव सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष, ब्राह्मण नेता नागेश शुक्ल का कमेटी के सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। उन्हें परंपरागत रूप से अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में कमेटी के अध्यक्ष छोटे लाल प्रजापति और कोषाध्यक्ष अजय यादव अंजू,कार्यक्रम के मुख्य व्यवस्थापक वरिष्ठ पत्रकार रूपेंद्र शुक्ल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन माधव शुक्ला ने किया। क्षेत्र के सभी भक्तों और ग्रामीणों के सहयोग से यह आयोजन हर वर्ष संपन्न होता है।माँ काली धाम का यह स्थान ऐतिहासिक और अत्यंत पवित्र माना जाता है। यहाँ हर वर्ष हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं और माँ काली का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस धाम को लेकर मान्यता है कि यहाँ सच्चे मन से की गई प्रार्थना अवश्य ही फलीभूत होती है। पूरे कार्यक्रम में रिखैयापुर के सभी ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा।

# दो दर्जन से अधिक लोग आंख के ऑपरेशन के लिए चिन्हित



**कुंडा।** क्षेत्र के गोगहर स्थित मां दुर्गा धाम कुटिया में रविवार को सद्गुरु नेत्र जांच केंद्र, कुंडा द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद यादव ने फीता काटकर किया।

शिविर में डॉ. मनीष कुमार एवं अखिलेश की टीम द्वारा सैकड़ों लोगों की आंखों की जांच की गई। जांच के दौरान 26 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। इन मरीजों को सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय द्वारा चित्रकूट ले जाकर निःशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा। अन्य लोगों को जांच के बाद आवश्यक दवाइयां और आई ड्रॉप देकर घर भेज दिया गया। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि विनोद यादव ने कहा कि नेत्रदान महादान है और ऐसे शिविर समाज के लिए बेहद उपयोगी हैं। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इनका लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान कोटेदार दुर्गेश विश्वकर्मा, परमेश्वर यादव, ज्ञानचंद, राम प्यारे, मुन्ना और संदीप यादव सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# अधेड़ की मौत को लेकर पोल्ट्री फार्म संचालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस

**प्रतापगढ़।** करंट की चपेट में आने से अधेड की मौत को लेकर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना के पूरे पाण्डेय राजापुर निवासिनी ज्ञानवती पत्नी स्व0 अर्जुन कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सत्ताईस मार्च की रात उसका पति मृतक अर्जुन कुमार रात में खेत की रखवाली के लिए जा रहा था। वह गांव के वंशीलाल मौर्या के खेत के किनारे मजार के पास पहुंचे थे कि थाना क्षेत्र के टिकुरिया राजापुर निवासी पोल्ट्री फार्म संचालक दिनेश उर्फ पुत्तन पुत्र तेज बहादुर द्वारा लगाए गए झटका तार की चपेट में उसका पति आ गया। करंट की चपेट में आने से उसके पति की मौत हो गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी दिनेश के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

# सवर्ण विकास सेवा संस्थान की राष्ट्रीय कमेटी की बैठक में अजय कृष्ण तिवारी बने अध्यक्ष

**अखंड भारत संदेश**



**कुंडा।** सवर्ण विकास सेवा संस्थान की राष्ट्रीय कमेटी की बैठक पूरे गौरी नौढिया संग्रामगढ़ में आयोजित हुई। बैठक में संगठन के सभी पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन के भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करना और समाजहित में संगठन की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाना था। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से पं. अजय कृष्ण तिवारी को सवर्ण विकास सेवा संस्थान का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों ने पं. अजय कृष्ण तिवारी को बधाई देते हुए उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊँचाइयों पर ले जाने की आशा व्यक्त की। पदाधिकारियों ने कहा कि तिवारी अपने अनुभव और समर्पण के बल पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाएंगे और समाज के हित में बेहतर कार्य करेंगे। गरीबों के संरक्षण, शैक्षिक और आर्थिक उत्थान, तथा आरक्षण मुक्त भारत के निर्माण के लिए संगठन की प्रतिबद्धता को एक बार फिर दोहराया गया।

# प्रेस क्लब प्रतापगढ़ का चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न

## सत्येन्द्र प्रताप सिंह चुने गये निर्विरोध अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद पर भी एकतरफा हुई जीत

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** शहर स्थित वत्स होटल में रविवार को प्रेस क्लब प्रतापगढ़ का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष पद पर सत्येन्द्र प्रताप सिंह (बादल) निर्विरोध निर्वाचित हुए। अन्य प्रमुख पदों पर भी सर्वसम्मति रही। महासचिव पद पर नवीन श्रीवास्तव, सचिव पद पर देवेन्द्र नारायण मिश्र, संगठन मंत्री के रूप में अब्दुल मुहीब, कोषाध्यक्ष पद पर अंशुमान सिंह (अंशु) तथा प्रेस प्रवक्ता पद पर आसिफ मुराद सिद्दीकी निर्विरोध चुने गए। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए हुए मतदान में मुकाबला देखने को मिला। इसमें शेष नारायण यादव ने 40 मत प्राप्त कर अपने प्रतिद्वंद्वी जगन्नाथ बरनवाल को भारी मतों से पराजित किया, जिन्हें 18 मत मिले। चुनाव समिति में मो. शरीफ खान जगत बहादुर सिंह, आशीष गौतम व पंकज दुबे शामिल रहे। चुनाव समिति के सदस्य जगत बहादुर सिंह ने निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नई टीम से संगठन को मजबूती मिलेगी और पत्रकारों के हितों की रक्षा के साथ-साथ संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। इस अवसर पर मान्यता प्राप्त पत्रकार दीपेन्द्र तिवारी, प्रदीप मिश्र, मनोज तिवारी, शैलेश मिश्र, अरविन्द पांडेय, अरविन्द चतुवेर्दी, प्रवीण कुमार, पंकज दुबे, अरविन्द दुबे, सिद्धार्थ ओझा, अजय मिश्र, राकेश मिश्र, जयवीर सिंह, प्रमोद सहित कई पत्रकार मौजूद रहे।

# चोरी की बाइक समेत तमंचे संग धराया आरोपी, गया जेल

**प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत चोरी की बाइक समेत आरोपी के पास से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद करने में सफलता ली है। दरोगा दीपक यादव रविवार को फोर्स के साथ चेकिंग पर निकले थे। लोनी नदी पुल के समीप बाइक सवार एक आरोपी को पुलिस ने संदिग्ध दशा में धर दबोचा। तलाशी लेने पर आरोपी सांगीपुर थाना के कुंभापुर निवासी आदित्य सरोज पुत्र रामचंद्र सरोज के पास से एक तमंचा व एक कारतूस भी बरामद हुआ। छानबीन में आरोपी के कब्जे मे मिली बाइक बीती दस मार्च को बाइक चोरी की घटना से जुडी मिली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मुकदमा भी दर्ज किया है। आरोपी को दोपहर बाद जेल भेज दिया गया।

# शिव ही कल्याण के मंगलप्रदाता स्वामी संपूर्णानंद





**लालगंज।** नगर के घुइसरनाथ रोड पर स्थित राधामोहन मंदिर परिसर में हो रही श्री शिवमहापुराण कथा में रविवार को श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। कथाव्यास प्रयागराज से पधारे स्वामी सम्पूणार्नंद महराज ने कहा कि कलिकाल में मात्र शिव का उच्चारण ही कल्याण और मंगलप्रदाता है। उन्होने कहा कि भगवान शिव स्मरण मात्र से प्रसन्न होने वाले महादेव है। स्वामी जी ने बताया कि भगवान शंकर ने समाज को समरसता तथा सदभावना के मार्ग पर आगे बढ़ने की कृपानुभूति करायी है। उन्होने कहा कि समाज में कटुता तथा भेदभाव व कुरीति का जीवन में विषपान ही शिव की सच्ची आराधना है। उन्होने बताया कि श्रीशिवमहापुराण मे निहित कथाएं जीवन को सदैव नैतिक मार्ग पर प्रशस्त होने की प्रेरणा है। स्वामी सम्पूणार्नंद जी ने कहा कि शिव ही कल्याण हैं, शिव ही मंगल हैं और शिव ही धर्म की रक्षा के सिरमौर है। कथा के दौरान भगवान शंकर और मां पार्वती की वंदना तथा भगवान श्रीगणेश की स्तुति को सुनकर शिवभक्त आनन्द से ओतप्रोत दिखे। संयोजक समाजसेवी रामलखन जायसवाल व मीरा देवी जायसवाल ने भगवान शंकर की भव्य आरती उतारी। वहीं सह संयोजक विजयनाथ जायसवाल, राजू जायसवाल, दीपक जायसवाल, शिव कुमार जायसवाल ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। धमार्नुरागी धर्मेन्द्र सिंह चैहान ने संचालन किया। इस मौके पर अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल, गीता सिंह, देवी प्रसाद मिश्र, आदर्श मिश्र, ध्रुव नारायण मिश्र, ओमप्रकाश जायसवाल, डा0 रमाशंकर शुक्ल, छोटेलाल सरोज, रामजी जायसवाल, रामप्रकाश जायसवाल, धीरेन्द्रमणि शुक्ल, राजकुमार मिश्र आदि रहे।

# कौशाम्बी संदेश

# रखैल के बेटे को संपत्ति देने की मंशा रखने वाले अधेड़ की बेटों ने की हत्या

अखंड भारत संदेश

**महेवा घाट कौशाम्बी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र में एक अधेड़ व्यक्ति अपनी संपूर्ण संपत्ति अपनी रखैल महिला के बेटे को देने के लिए तैयार था जिस पर अधेड़ के सगे बेटों ने कुल्हाड़ी से काटकर अपने ही पिता को मौत के घाट उतार दिया है और मौके वारदात से फरार हो गए हैं मौत के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना शनिवार की रात की है हत्या के घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक भारी पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे हैं। जानकारी के मुताबिक महेवा घाट थाना क्षेत्र के अजरौली गांव निवासी नाथन सरोज की पहली पत्नी से दो बेटे हैं लेकिन उन्होंने अपनी साली को अपनी दूसरी पत्नी रखैल बना लिया था नाथन सरोज अपनी संपूर्ण संपत्ति अपनी साली रखैल के बेटे को देने को तैयार थे बीते दिनों उन्होंने कुछ जमीन बेची थी और जमीन बिक्री का पैसा उन्होंने अपनी दूसरी पत्नी साली के बेटों को दे दिया जिससे पहली पत्नी के बेटे नाराज रहते थे इसी बात को लेकर पिता पुत्रों के बीच कई बार पूर्व में भी नोक झोक विवाद हुआ था शनिवार की देर शाम नाथन सरोज घर वापस लौट रहे थे बेटों ने कुल्हाड़ी से प्रहार कर नाथन सरोज की हत्या कर दी है हत्या की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया मौके पर गांव के तमाम लोग पहुंच गए मामले की सूचना पुलिस को दी गई हत्या की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और हत्या के कारण की जांच कर रहे हैं हत्या करने वाले लोगों की तलाश के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

**हत्या की सूचना पर पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे**



## नाबालिग बालक से कुकर्म करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** संदीपनघाट थाना क्षेत्र में 27 मार्च को नाबालिग बालक को बहला फुसला कर पैसे एवं पतंग का लालच देकर अपने साथ ले जा कर के युवक ने दस वर्ष के बालक के साथ कुकर्म किया था संदीपनघाट थाना में अभियोग पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में दिनांक 29.03.2026 को संदीपनघाट थाना पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अकरम पुत्र मासूक अहमद निवासी महगांव थाना संदीपनघाट को गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के पश्चात कुकर्मी अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

## तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** सोशल मीडिया पर एक युवक का अवैध तमंचा के साथ फोटो वायरल हुआ था पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा वायरल फोटो में दिख रहे व्यक्ति की पहचान एवं जांच कर आवश्यक विधिक कार्यवाही हेतु थाना मंझनपुर पुलिस को निर्देशित किया गया था दिनांक 29.03.2026 को थाना मंझनपुर पुलिस ने वायरल फोटो से सम्बन्धित अभियुक्त मो0 अतीक उर्फ कल्लू पुत्र मो0 सईद निवासी ग्राम घना का पुरवा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार किया अभियुक्त की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना मंझनपुर पर मु0अ0सं0 123/2026 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत हुआ विधिक कार्यवाही के पश्चात गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

## वारण्टी अभियुक्त को मंझनपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस ने मु0अ0सं0 08/2022 धारा 498अ 323 504 506/406 भादवि व 3/4 डीपी एक्ट महिला थाना से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त राजपाल पुत्र श्यामलाल निवासी गरड़ियन का पुरवा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

## न्यूज झरोखा

### पेड़ काट रहे लकड़हारे की दीवाल में दबकर मौत



**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र में पेड़ काटने गए लकड़हारा पर पेड़ काटने के दौरान पेड़ की डाल गिर जाने से दीवाल गिर गई जिससे लकड़हारा गंभीर घायल हो गया इलाज के लिए उसे अस्पताल में भती कराया गया है जहां उसकी मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका वार्ड नम्बर 20 केशव नगर में पेड़ काटने के दौरान पेड़ की डाल गिरने से दीवाल रवि सोनकर उम्र 26 वर्ष पुत्र शिवप्रसाद सोनकर के ऊपर गिर गई जिसमें रवि दब गया रवि के दीवार में दब जाने से लकड़हारे घबरा गए और मौके से सभी लोग भाग गए नगर वासियों को सूचना मिलते ही आनन फानन में रवि को बाहर निकाला जिस पर वह गम्भीर घायल हो गया था सूचना पर पहुँची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल भेज दिया लेकिन थोड़ी देर बाद ही रवि ने दम तोड़ दिया मौत की सूचना परिजनों को हुई तो घर परिवार में कोहराम मच गया परिजनों ने बताया कि रवि शादीशुदा था उसका एक 4 वर्ष का एक लड़का है रविवार की सुबह लगभग 10:00 बजे रोजी रोटी के लिए वह अपने लकड़ी व्यापारियों के साथ पेड़ काटने गया था दीवाल से दब कर मौत होने के कारण परिवार उजड़ गया लाश को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### मनौरी बाजार में सोमवार को होगा पांचवा श्री खाटू श्याम का भव्य संकीर्तन व विशाल भंडारा



**तिल्हापुर कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के मनौरी बाजार स्थित ब्रम्हदेव मंदिर के पीछे दिनांक 30 मार्च 2026 दिन सोमवार को प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी श्री खाटू श्याम बाबा का पांचवा संकीर्तन–भजन व अमृत तुल्य विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा कार्यक्रम के अनुसार सोमवार की सुबह आठ बजे श्री ब्रम्हदेव मन्दिर नई बस्ती से श्याम ध्वजा निशान यात्रा निकाली जाएगी पूरे नगर भ्रमण करते हुए समापन होगा और शाम को सात बजे बाबा का अखंड जोत व भव्य सिंगार पूजन व आरती,इस वर्षा भजन कीर्तन ,छप्पन भोग फूलों की होली के साथ साथ विशाल भण्डारे का आयोजन होगा खाटू श्याम का कार्यक्रम महोत्सव श्री श्याम मित्र मण्डल के सदस्यों व बाजार व्यापारियों के सहयोग से सम्पन्न होगा श्याम संकीर्तन महोत्सव कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायिका सूरतगढ़ से श्याम लाडली वैष्णवी चंडीगढ़ से मोनू दुआ व प्रयागराज से प्रसिद्ध भजन प्रवाहक आदित्य सहगल का आगमन होगा श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव कार्यक्रम में श्याम मित्र मंडल के सदस्य रजत केसरवानी,पवन केसरवानी अंकित केसरवानी अंकुश केसरवानी सबलू केसरवानी वीरू केसरवानी,अरविंद केसरवानी कान्हा,प्रदीप आकाश हिमांशू अनिल उमेश जग्गा आदि व बाजार व्यापारियों के साथ हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे।

### धूमधाम से मनाई गई महान सम्राट अशोक की जयंती



**महेवाघाट कौशांबी।** मंझनपुर नगर पालिका के अशोक नगर चपरी आम ओसा में सम्राट अशोक सेना के तत्वाधान में सम्राट अशोक जयंती समारोह रविवार को आयोजित किया गया सम्राट अशोक की जयंती के अवसर पर हजारों लोग एकत्रित हुए और बड़े धूमधाम से सम्राट अशोक की जयंती मनाया इस अवसर पर शिक्षक एवं गायक विद्यासागर मौर्य ने सम्राट अशोक के गीतों से उपस्थित लोगों का मनमोहन लिया उपस्थित वक्ताओं ने महान सम्राट अशोक के जीवन,उनके अद्वितीय साहस,सुशासन,न्यायप्रियता एवं जनकल्याणकारी नीतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला इस मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि सम्राट अशोक केवल एक वीर योद्धा ही नहीं,बल्कि शांति,धर्म और मानवता के प्रतीक भी थे। उनके आदर्श आज भी समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रहे हैं,जिस पर हम सभी को गर्व है। कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर संजय मौर्य एवं सम्राट अशोक सेना के पदाधिकारियो ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगो क आभार व्यक्त किया जिनके सहयोग से यह भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस मौके भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य डिस्टिक कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष शिवमोहन मौर्य सुरेश नागर चौधरी रामनरेश मौर्य अजय मौर्या नगर पालिका के तमाम पार्षद नेता आम जनता कार्यक्रम में मौजूद रहे सम्राट अशोक की जयंती के अवसर पर आयोजित भव्य सम्राट अशोक महान की झांकी एवं मोटरसाइकिल रैली ओसा चौराहा चपरी आम से मंझनपुर कलश चौराहा तक निकाली गई।

### भागवत कथा के तीसरे दिन भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु विदुर, सती और ध्रुव चरित्र का हुआ भावपूर्ण वर्णन



**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 12 नया नगर नव ज्योति इंटर कालेज के बगल में मुख्य यजमान राधेश्याम केसरवानी चक्की वालों की तरफ से आयोजित सप्तदिवसीय भागवत कथा के तीसरे दिन का आयोजन भक्ति और भावनाओं से सराबोर रहा। कथा व्यास आचार्य श्री नंद जी महराज ने मधुर संगीत की धुनों के साथ विदुर चरित्र, सती चरित्र और ध्रुव चरित्र का अत्यंत मार्मिक और प्रेरणादायक वर्णन किया, जिसे सुनकर पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथावाचक नंद जी महराज ने विदुर जी के चरित्र के माध्यम से धर्म, नीति और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। वहीं सती चरित्र का वर्णन करते हुए त्याग, समर्पण और आत्मसम्मान की भावना को विस्तार से समझाया। ध्रुव चरित्र के प्रसंग में बालक ध्रुव की अटूट भक्ति और कठोर तपस्या का वर्णन सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए पूरे पंडाल में भक्ति गीतों और संकीर्तन की मधुर ध्वनि गूंजती रही। श्रद्धालु झूमते हुए कथा का आनंद लेते नजर आए। कथा के दौरान कई बार वातावरण राधा रानी और जय श्री कृष्ण के जयकारों से गूंज उठा प्रतिदिन नगर पंचायत क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

### अवैध हथियार के प्रदर्शन पर कार्रवाई एक आरोपी गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के लोहरा गांव में अवैध हथियार के प्रदर्शन करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी दानिश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।पुलिस पूछताछ में आरोपी दानिश ने बताया कि उसने यह तमंचा हमजा नामक व्यक्ति से खरीदा था। इस खुलासे के बाद पुलिस अब दूसरे आरोपी हमजा की तलाश में जुट गई है।पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह के मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की गई है।

# पीएम हाउस से शव वापस पहुंचते ही पूर्व प्रधान की हत्या के विरोध में चक्काजाम



**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के औधन मजरा फरीदपुर गांव में शुक्रवार की आधी रात्रि को पूर्व प्रधान बादाम सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद जैसे ही शव परिवार के लोगों को मिला गांव के सैकड़ो लोगों के साथ परिवार के लोगों ने रविवार की सुबह करीब 9 बजे नेवादा में तिल्हापुर मोड़ से पुरखास रोड पर अपने घर के सामने सड़क पर शव रखकर सैकड़ो लोगों ने चक्का जाम कर दिया हत्या का खुलासा और हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भीड़ ने जमकर नारेबाजी की।इस दौरान सड़क पर लंबा जाम लग गया और आवागमन बाधित रहा। सड़क पर शव रख कर चक्का जाम की जानकारी मिलते ही कई थाने की पुलिस फोर्स के साथ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया,लेकिन परिजन मांगों पर अड़े रहे।पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर मामले का खुलासा किया जाएगा।क्षेत्र में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। तमाम प्रयास के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन मिलने के बाद परिवार के लोगों और ग्रामीणों ने सड़क का चक्का जाम समाप्त किया है उसके बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया है।

## चंदीपुर में जमीनी विवाद में हत्या का प्रयास करने वाला पुलिस अभिरक्षा में लिया गया बाल अपचारी

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के ग्राम चंदीपुर में दिनांक 25.03.2026 को 02 पक्षों के मध्य जमीन सम्बन्धी विवाद को लेकर मारपीट हुई थी दोनो पक्षों द्वारा एक दुसरे पर जान से मारने की नियत से धारदार हथियार एवं लाठी डण्डों से हमला किया गया था जिसमें एक पक्ष के 03 लोगों को गम्भीर चोटे आयी है तथा दुसरे पक्ष के 02 लोगों को गम्भीर चोटे आयी है कोखराज थाना पर मु0अ0सं0 159/ 2026 धारा 191 (2)/ 191(3)/ 109(1)/ 352/ 351(3) बीएनएस पंजीकृत हुआ घटना से संबंधित एक अभियुक्त दयाराम पुत्र सूरजबली निवासी चंदीपुर परसरा थाना कोखराज को दिनांक 27.03.2026 को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किया जा रहा था दिनांक 29.03.2026 को कोखराज थाना पुलिस ने घटना में शामिल एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया उसकी निशादेही पर उसके द्वारा घटना में प्रयुक्त एक चाकू बरामद किया विधिक कार्यवाही के पश्चात उसे न्यायालय भेजा गया है अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी का प्रयास पुलिस द्वारा किया जा रहा है।

# महिला सशक्तिकरण पर बालिकाओं को साइकिल व पुस्तक वितरण

अखंड भारत संदेश



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** कड़ा क्षेत्र के शहजादपुर गांव स्थित चंदा गेस्ट हाउस में रविवार को महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बालिकाओं को साइकिल व पुस्तक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक शिव प्रकाश सोनकर की ओर से मां सावित्री बाई फुले वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में किया गया,जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों व छात्राओं की सहभागिता रही।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय अकबरपुर, कानपुर देहात के प्रधानाचार्य संजू सिंह रही,जबकि विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस संतोष कुमार उपस्थित रहे। अतिथियों ने मां सावित्री बाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा ही महिलाओं के सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बालिकाओं को आगे बढ़ने आत्मनिर्भर बनने और समाज में अपनी अलग पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना समय की मांग है,जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है। कार्यक्रम के दौरान 22 बालिकाओं को साइकिल व 50 छात्राओं को पुस्तकों के सेट वितरित किए गए, जिससे उनकी शिक्षा में सहूलियत मिले। आयोजक शिव प्रकाश सोनकर ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना और बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है।इस अवसर पर कई वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए और महिला शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में नरेश सोनकर पूर्व प्रधान अंदावा ,नागेंद्र सिंह,अरुण सोनकर संपादक कोमल सिंह,पूजा मौर्या पारसनाथ मौर्य,मनीष मौर्य सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग, अभिभावक व छात्राएं उपस्थित रहीं।अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम का संचालन सूरज सिंह कुशवाहा ने किया।

# अवैध वसूली की डिमांड ना पूरी होने पर नोकझोक धक्का मुक्की, हुई मारपीट

अखंड भारत संदेश

**खनन निरीक्षक ने पेट्रोल पंप मैनेजर सहित 14 लोगों के विरुद्ध दर्ज कराया मुकदमा**

**कौशांबी।** यमुना नदी के विभिन्न बालू घाट से बालू के अवैध खनन को रोकने और अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए सरकार ने सीसीटीवी कैमरे धर्म कांटा सहित विभिन्न संसाधन की व्यवस्था कर अवैध खनन और अवैध परिवहन रोकने का निर्देश खनन अधिकारी को दिया है लेकिन यमुना नदी के कई बालू घाट में जेसीबी मशीन लगाकर पोकलैंड मशीन लगाकर खुलेआम यमुना की जलधारा से बालू का खनन होता है जबकि यमुना नदी की जलधारा से बालू खनन पूरी तरह से प्रतिबंधित है यमुना नदी की जलधारा से बालू खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के बाद यमुना नदी की जलधारा से बालू का अवैध खनन को विभाग के अधिकारियों द्वारा नहीं रोका जा रहा है इतना ही नहीं बालू के लिए निर्धारित पट्टा के स्थान के अलावा भी पूरे यमुना नदी के क्षेत्र से बालू का खनन खुलेआम किया जाता है ओवरलोडिंग रोकने के लिए बालू घाट के पास धर्म कांटे लगाए गए हैं अवैध खनन और बालू की ओवरलोडिंग रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे भी जगह-जगह लगाए गए हैं लेकिन उसके बाद खनन अधिकारी पट्टा धारकों के अवैध खनन को नहीं रोक रहे हैं। शनिवार की रात्रि को कसेंदा स्थित पेट्रोल पंप पर दजर्नों बालू के डंपर खड़े थे जिन पर ओवरलोड का आरोप लगाकर खनन इंस्पेक्टर ने वाहनों की जांच की बात कर डंफर चालकों पर उनकी बातों को मानने का दबाव बनाया जब चालकों ने खनन इंस्पेक्टर की बात मानने से इनकार कर दिया तो चालकों से महीने की निर्धारित रकम देने का दबाव बनाया जब इस पर भी बात नहीं बनी तो उसके बाद दोनों ओर से नोंकझोंक शुरू हो गई देखते ही देखते दोनों तरफ से धक्का मुक्की शुरू हो गई उसके बाद विवाद हल्की मारपीट में तब्दील हो गया है यह मामला सरकारी कार्यों में बाधा डालने का नहीं था सरकारी कमी से मारपीट का नहीं था बल्कि अवैध वसूली करने वाले सरकारी कमी से जुड़ा हुआ मामला है वसूली में सफल ना होने वाले खनन इंस्पेक्टर के सुरक्षा कमियों ने फायरिंग भी शुरू कर दी फायरिंग होते ही वाहन चालक भाग खड़े हुए हैं किसी तरह से वाहन चालकों की जान बची है फायरिंग की आवाज से इलाके में दहशत का माहौल है घटना के बाद खनन निरीक्षक पिपरी थाना पहुंचे और पेट्रोल पंप मैनेजर सहित 14 लोगों के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा डालने सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है खनन निरीक्षक की कार्यवाही ने एक बार फिर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है कि यदि उन्हें अवैध खनन ओवरलोड परिवहन रोकना है तो सीसीटीवी कैमरे और धर्म कांटों के जरिए ओवरलोड वाहनों को वह बालू घाट के पास क्यों नहीं रोक देते हैं सूत्रों की माने तो बालू का अवैध खनन करने वाले माफियाओं से बड़ी वसूली खनन अधिकारी को प्रत्येक महीने पहुंच रही है जिससे बालू का अवैध खनन करने वालों पर खनन अधिकारी और उनकी पूरी टीम पूरी तरह से मेहरबान है और सड़क पर चलने वाले वाहनों पर वह महीने की वसूली का दबाव बनाते हैं जिससे विभागीय अधिकारियों को दोहरा लाभ हो सके और जब महीने की वसूली में पूरी तरह से सफल नहीं होते हैं तो तमाम तरह के ड्रामेबाजी करके वह अपनी वसूली को जीवित रखना चाहते हैं खनन विभाग के अवैध वसूली को जीवित रखने की इसी प्रथा के चलते कसेंदा पेट्रोल पंप में डंपर चालकों वा खनन निरीक्षक की टीम के बीच नोक झोक धक्का मुक्की और मारपीट हुई है जिसमें जितना डंपर चालक दोषी है उससे कम खनन निरीक्षक और उनके सुरक्षाकमी दोषी नहीं है लेकिन एक तरफा कारवाई के बाद भले ही डंपर चालकों पर दबाव बना दिया जाए लेकिन इससे योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था पर भी बड़े सवाल खड़े होंगे खनन निरीक्षक के अवैध वसूली के चलते बढ़े विवाद के बाद एक तरफा कारवाई से खनन विभाग की अवैध वसूली दिन दूनी रात चौगुनी बढ़ेगी जिसे रोकने के लिए अधिकारियों को पूरे मामले को गंभीरता से संज्ञान लेना होगा और निष्पक्ष तरीके से जांच करके गुनहगारों को दंडित करना होगा।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के कुशल निर्देशन में दिनांक 29.03.2026 रविवार को जनपद के समस्त थानों,पुलिस चौकियों एवं पुलिस कार्यालयों में पुलिस कर्मियों द्वारा व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया।अभियान के अंतर्गत पुलिसकर्मियों द्वारा श्रमदान करते हुए थाना परिसर,कार्यालय भवन, अभिलेख कक्ष,शस्त्रागार, मालखाना,हवालात एवं आवासीय परिसरों की गहन साफ-सफाई की गई। कूड़ा-करकट का समुचित निस्तारण कर परिसरों को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाया गया अभियान का उद्देश्य पुलिस विभाग में स्वच्छ,अनुशासित एवं सकारात्मक कार्य वातावरण स्थापित करना तथा स्वच्छता ही सेवा के संदेश को आत्मसात करना है।इस अवसर पर सभी पुलिसकर्मियों ने अपने कार्यस्थल एवं आसपास नियमित स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया तथा आमजन को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने हेतु प्रेरित किया।पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि स्वच्छता एक सतत प्रक्रिया है,अतः सभी थाना एवं कार्यालय परिसरों को सदैव साफ-सुथरा रखा जाए। यह स्वच्छता अभियान प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से संचालित किया जा रहा है।

# भवंस मेहता महाविद्यालय में नशा के खिलाफ जागरूकता पूर्ण एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम किए गये आयोजित

अखंड भारत संदेश



**भरवारी कौशांबी।** भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के छठा दिन, दिनांक 29 मार्च अत्यंत जागरूकतापूर्ण एवं प्रेरणादायक रहा। इस दिन का मुख्य विषय युवाओं पर नशे का प्रभाव रखा गया,जिस पर समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. दीपक कुमार ने विस्तारपूर्वक व्याख्यान दिया। अपने संबोधन में उन्होंने नशे के शारीरिक,मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों को स्पष्ट करते हुए बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि उसके परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने युवाओं को सचेत करते हुए कहा कि आज के दौर में नशा एक गंभीर सामाजिक समस्या बन चुका है, जो युवाओं की ऊर्जा और संभावनाओं को नष्ट कर रहा है। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से यह समझाया कि कैसे नशा व्यक्ति की निर्णय लेने की क्षमता को कमजोर करता है और उसे अपराध की ओर भी धकेल सकता है।इसके पश्चात अथर्शास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राहुल राय ने नशा मुक्ति के लिए सरकार के प्रयास एवं स्वयं सहायता समूहों की भूमिका विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकारें नशा मुक्ति के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही हैं,जैसे नशा मुक्ति अभियान, जागरूकता कार्यक्रम,पुनर्वास केंद्रों की स्थापना आदि। उन्होंने यह भी बताया कि स्वयं सहायता समूह समाज में जागरूकता फैलाने और नशा छोड़ने के लिए लोगों को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया कि वे अपने आसपास के लोगों को भी नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में अपनी भूमिका निभाएं।कार्यक्रम के दौरान एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोहम्मद आदिल ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस का मुख्य उद्देश्य केवल सेवा करना ही नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता और सकारात्मक बदलाव लाना भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे नशा मुक्ति जैसे सामाजिक मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाएं और स्वयं भी इससे दूर रहें। इस अवसर पर लक्ष्मण,सक्षम सक्सेना सहित अन्य छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी दिखाई। अंत में विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति का संकल्प लिया और यह विश्वास दिलाया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे तथा समाज में भी इसके प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य करेंगे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत बौद्धिक सत्र का हुआ आयोजन

भवंस मेहता महाविद्यालय

अखंड भारत संदेश



**भरवारी कौशांबी।** भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का पाँचवाँ दिन, दिनांक 28 मार्च 2026,अत्यंत उत्साह, ऊर्जा और ज्ञानवर्धक गतिविधियों से परिपूर्ण रहा। यह दिन स्वयंसेवकों के लिए न केवल नई जानकारियों का स्रोत बना बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास, सामाजिक चेतना और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूकता को भी सुदृढ़ करने वाला सिद्ध हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः कालीन सत्र से हुई जिसमें स्वयंसेवकों ने नियमित दिनचर्या के अनुसार योग, प्रार्थना और श्रमदान जैसे कार्यों में भाग लिया। इसके पश्चात बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया,जो इस दिन का मुख्य आकर्षण रहा। इस अवसर पर एनएसएस के क्षेत्रीय अधिकारी, लखनऊ के प्रतिनिधि रोशन सिंह मुख्य वक्ता उपस्थित रहे। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, सिद्धांतों और कार्यक्षेत्र पर बताया कि एनएसएस का मूल उद्देश्य मैं नहीं, बल्कि आप की भावना को साकार करना है, जो निस्वार्थ सेवा और समाज के प्रति समर्पण का प्रतीक है। एनएसएस केवल एक सह-पाठ्यक्रम गतिविधि नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा मंच है, जो युवाओं को समाज के प्रति संवेदनशील और जिम्मेदार बनाता है। प्रतिष्ठित वक्ता श्री एफ. एन. मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में जब समाज अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है, एनएसएस की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। एनएसएस युवाओं को न केवल सामाजिक कार्यों में भाग लेने का अवसर देता है,बल्कि उन्हें नेतृत्व, प्रबंधन और संवाद कौशल भी सिखाता है। उन्होंने विशेष रूप से डिजिटल साक्षरता, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समरसता जैसे विषयों को एनएसएस के प्रमुख कार्यक्षेत्र के रूप में बताया। जिला नोडल अधिकारी कौशाम्बी, डॉ. पवन कुमार यादव ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल शैक्षिक योग्यता पर्याप्त नहीं है, बल्कि कौशल विकास अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने छात्रों को विभिन्न तकनीकी और व्यावसायिक कौशलों को सीखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं, स्टार्टअप अवसरों और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से रोजगार के नए अवसरों की जानकारी दी। महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोहम्मद आदिल, सी.पी. श्रीवास्तव तथा अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। डॉ. मोहम्मद आदिल ने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि वे इस प्रकार के कार्यक्रमों से प्राप्त ज्ञान और प्रेरणा को अपने जीवन में अपनाएं तथा समाज के उत्थान में योगदान दें। पूरे दिन का आयोजन अत्यंत सफल और प्रेरणादायक रहा। निष्कर्षत एनएसएस विशेष शिविर का पाँचवाँ दिन विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अनुभव साबित हुआ।

## सम्पादकीय

### भाजपा ने दिखाया आरक्षण विरोधी चेहरा

**कांग्रेस** संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी की तबीयत इन दिनों खराब है। दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। उनके बेटे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लगातार अस्पताल में अपनी मां के साथ बने हुए हैं। उन्होंने बुधवार को केरलम का चुनावी दौरा भी रद्द कर दिया, क्योंकि उन्हें अपनी मां की तबियत की फिक्र थी। ऐसे मौके पर भी भाजपा राजनीतिक वार करने से बाज नहीं आई। जब सोनिया गांधी अस्पताल में भर्ती हुईं, उसी वक्त कांग्रेस पार्टी को 24 अकबर रोड पर बने कार्यालय को खाली करने का नोटिस भेज दिया गया। इसके अलावा यूथ कांग्रेस को भी दफ्तर खाली करने का नोटिस भेजा गया। हालांकि कांग्रेस का नया दफ्तर इंदिरा भवन से चल रहा है, लेकिन 24 अकबर रोड का ऐतिहासिक महत्व है, जिसे भाजपा खत्म करना चाहती है। इधर भाजपा के गोड्डा से सांसद निशिकांत दुबे ने सोनिया गांधी के इलाज में भी राजनीति का मौका तलाश लिया है। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए पूछ लिया कि वह अपनी मां का ऐसे अस्पताल में क्यों इलाज करा रहे हैं जहां आरक्षण व्यवस्था लागू नहीं है। निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'राहुल गांधी जी सोनिया गांधी जी का इलाज जिस अस्पताल गंगाराम में हो रहा है वह प्राइवेट अस्पताल है, वहां आरक्षण लागू नहीं है। यदि एम्स में इलाज कराते तो वहां आपको 60 प्रतिशत आरक्षण के डॉक्टर मिलते, क्या आपका भरोसा सरकारी अस्पताल में नहीं है? उनका इलाज भी डॉक्टर अरुप बासु कर रहे हैं जो आरक्षित वर्ग के डॉक्टर नहीं हैं। सोनिया जी के स्वस्थ होने की कामना हम सभी करते हैं, लेकिन आपने कांग्रेस की क्या हालत बनाई है? जार्ज सोरोस के कहने पर आप समाज को बांटकर देश क्यों तोड़ना चाहते हैं?' निशिकांत दुबे इससे पहले भी जिस तरह से नेहरूजी और इंदिरा गांधी के बारे में बेसिरपैर की बातें करते रहे हैं, उसमें उनसे किसी सदाशयता या शिष्टता की उम्मीद नहीं है। इस बार सोनिया गांधी के नाम पर उन्होंने राहुल गांधी को घेरने का मौका ढूंढ लिया, लेकिन इसमें दो बड़ी गलतियां सांसद दुबे कर बैठे। एक तो उन्होंने उस एम्स की श्रेष्ठता पर सवाल उठाए, जो भारत में करोड़ों लोगों के लिए इलाज की बड़ी आस है। एम्स के नाम पर नरेन्द्र मोदी ने खूब राजनैतिक रोटियां सेंकी है। कांग्रेस शासनकाल में केवल 7 एम्स थे, हमने देश भर में 20 एम्स बनवाए, ऐसी बातें बोलकर भाजपा अपनी काबिलियत दिखाती है। लेकिन निशिकांत दुबे तो बता रहे हैं कि एम्स में सही इलाज नहीं होता, इसलिए राहुल गांधी ने सर गंगाराम को अपनी मां के इलाज के लिए चुना। निशिकांत दुबे ने सत्ता में बैठकर जिस तरह अपनी ही सरकार द्वारा संचालित एम्स में अच्छे इलाज के लिए संदेह जाहिर किया है, वह राहुल गांधी या कांग्रेस के लिए नहीं बल्कि उनकी पार्टी भाजपा के लिए मुश्किल खड़ी करेगा। जहां तक राहुल गांधी की बात है, तो पिछले साल जनवरी में उन्होंने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा और दिल्ली की तत्कालीन मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखकर एम्स पर करोड़ों लोगों की निर्भरता और उस की बदहाली की तरफ ध्यान दिलाया था।

# जलवायु परिवर्तन: भविष्य नहीं, वर्तमान का महाविनाशकारी संकट

-: ललित गर्ग:-

**आज** मानव सभ्यता जिस सबसे बड़े संकट के सामने खड़ी है, वह युद्ध, महामारी या आर्थिक मंदी नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन है। दुनिया आज जलवायु संकट के ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां हर नया आंकड़ा खतरे की घंटी बनकर सामने आ रहा है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन की ताजा रिपोर्ट स्पष्ट करती है कि 2015-2025 का दशक अब तक का सबसे गर्म दौर रहा है। यह केवल एक सांख्यिकीय तथ्य नहीं, बल्कि पृथ्वी के बदलते स्वभाव का गंभीर संकेत है। रिपोर्ट बताती है कि ग्रीनहाउस गैसों का स्तर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच चुका है और पृथ्वी का एनर्जी इम्बैलेंस लगातार बढ़ रहा है। महासागर, जो जलवायु संतुलन के सबसे बड़े नियंत्रक माने जाते हैं, अब 90 प्रतिशत से अधिक अतिरिक्त गर्मी सोख रहे हैं। इसका सीधा अर्थ है कि पृथ्वी का तापमान केवल हवा में ही नहीं, जल और भूमि के भीतर भी बढ़ रहा है। जलवायु परिवर्तन अब धीरे-धीरे आने वाली समस्या नहीं रही, बल्कि यह वर्तमान का संकट बन चुका है। दुनिया के अनेक हिस्सों में असामान्य गर्मी, बाढ़, सूखा, चक्रवात और जंगल की आग जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। प्रति का संतुलन बिगड़ रहा है और मौसम का मिजाज अनिश्चित होता जा रहा है। कहीं अत्यधिक वर्षा से बाढ़ आ रही है तो कहीं महीनों तक बारिश नहीं हो रही। यह असंतुलन सीधे-सीधे मानव जीवन, कृषि, जल संसाधनों और अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। इस बदलते मौसम ने सबसे ज्यादा मनुष्य के स्वास्थ्य पर हमला किया है।

भारत के संदर्भ में यह संकट और भी गंभीर रूप लेता जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में भारत के अनेक शहरों में तापमान 48 से 50 डिग्री तक पहुंच गया, जबकि पहले 45 डिग्री को ही अत्यधिक गर्मी माना जाता था। अब असामान्य गर्मी ने फरवरी और मार्च जैसे महीनों को भी झुलसाना शुरू कर दिया है। हीटवेव की आवृत्ति और तीव्रता दोनों बढ़ रही हैं। इसका असर केवल स्वास्थ्य पर नहीं, बल्कि बिजली, पानी, खेती, श्रम, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है। बढ़ती गर्मी ने केवल मानव जीवन ही नहीं, बल्कि वन्यजीव, पेड़-पौधे और सम्पूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र को भी संकट में डाल दिया है। जलवायु परिवर्तन के पीछे सबसे बड़ा कारण मानव का विकास मॉडल है। कोयला, तेल और गैस जैसे जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग, वनों की कटाई, अनियोजित शहरीकरण, औद्योगीकरण और संसाधनों का अंधाधुंध दोहन पृथ्वी को लगातार गर्म कर रहा है। आज वैश्विक तापमान लगभग एक लाख 25 हजार वर्षों के उच्चतम स्तर के आसपास पहुंच चुका है। यह स्थिति बताती है कि समस्या प्रकृति में नहीं, बल्कि मानव की जीवनशैली और विकास की दिशा में है।

वर्तमान वैश्विक परिस्थितियां इस संकट को और अधिक खतरनाक बना रही हैं। दुनिया के अनेक हिस्सों में युद्ध की स्थितियां बनी हुई हैं। युद्ध केवल मानव जीवन और अर्थव्यवस्था को ही नष्ट नहीं करते, बल्कि पर्यावरण को भी गहरा नुकसान पहुंचाते हैं। युद्ध में इस्तेमाल होने वाले विस्फोटक, रसायन, धातु, ईंधन और आग से वातावरण में भारी मात्रा में जहरीली गैसें फैलती हैं। तेल भंडारों में आग, रासायनिक संयंत्रों का नष्ट होना और सैन्य गतिविधियां वातावरण में कार्बन उत्सर्जन को कई गुना बढ़ा देती हैं।



इस प्रकार युद्ध और जलवायु परिवर्तन मिलकर पृथ्वी को दोहरे संकट की ओर धकेल रहे हैं। भारत सहित दुनिया के लगभग 75 प्रतिशत जिले किसी न किसी जलवायु जोखिम के दायरे में आ चुके हैं। हिमालय के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, जिससे गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु जैसी नदियों के भविष्य पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। दूसरी ओर समुद्र का जलस्तर बढ़ने से मुंबई, कोलकाता और चेन्नई जैसे तटीय शहरों पर खतरा मंडरा रहा है। यदि समुद्र स्तर इसी गति से बढ़ता रहा तो आने वाले दशकों में तटीय आबादी का बड़े पैमाने पर विस्थापन हो सकता है। यह केवल पर्यावरण संकट नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक संकट भी बन सकता है।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए यह स्पष्ट है कि यदि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में तेजी से कटौती नहीं की गई, तो तापमान के नए-नए रिकॉर्ड टूटते रहेंगे और पृथ्वी रहने योग्य स्थान कम होती जाएगी। जल संकट, खाद्य संकट, स्वास्थ्य संकट और प्रवासन जैसी समस्याएं बढ़ेंगी। दुनिया के अनेक वैज्ञानिक अब चेतावनी दे रहे हैं कि यदि तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित नहीं किया गया, तो पृथ्वी का पारिस्थितिक संतुलन गंभीर रूप से बिगड़ सकता है। लेकिन इस संकट में ही अवसर भी छिपा हुआ है। यह समय विकास मॉडल को बदलने का है। ऊर्जा के क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा, जैसे सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और जल ऊर्जा को बढ़ावा देना होगा। शहरों को कंक्रीट के जंगल बनाने के बजाय हरित शहर बनाना होगा। जल प्रबंधन को जन आंदोलन बनाना होगा। वर्षा जल संचयन, जल पुनर्चक्रण और नदियों के संरक्षण पर गंभीरता से काम करना होगा। कृषि को जलवायु अनुकूल बनाना होगा, कम पानी वाली फसलों और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना होगा। साथ ही जिला स्तर पर हीट एक्शन प्लान, जल संरक्षण योजना, वृक्षारोपण अभियान और स्थानीय पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम लागू करने होंगे। जलवायु परिवर्तन से लड़ाई केवल सरकारें नहीं जीत सकतीं, इसके लिए समाज, उद्योग, वैज्ञानिक और आम नागरिक सभी को मिलकर काम करना होगा।

दुनिया की महाशक्तियों के लिए यह समय सबसे बड़ी परीक्षा का समय है। यदि वे केवल आर्थिक विकास और सैन्य शक्ति की दौड़ में ही उलझी रहीं और पृथ्वी के भविष्य की चिंता नहीं की, तो आने वाली पीढ़ियां उन्हें कभी माफ नहीं करेंगी। उन्हें यह समझना होगा कि पृथ्वी बचेगी तो अर्थव्यवस्था भी बचेगी, मानव सभ्यता भी बचेगी और विकास भी बचेगा। यदि पृथ्वी ही तपती और असंतुलित हो गई, तो सारी प्रगति बेकार हो जाएगी। आज आवश्यकता है कि दुनिया की महाशक्तियां कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए कठोर और बाध्यकारी नीतियां बनाएं, जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करें, वनों की कटाई रोकें और हरित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा दें। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी का तापमान इतना बढ़ जाएगा कि अनेक क्षेत्र रहने योग्य नहीं रहेंगे। निश्चित तौर पर जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की चुनौती नहीं, वर्तमान का संकट है। यदि आज निर्णायक कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाली पीढ़ियों को एक असंतुलित और तपती हुई पृथ्वी विरासत में मिलेगी। यह तपती हुई पृथ्वी मानव जीवन के लिए विनाश का कारण भी बन सकती है। लेकिन यदि दुनिया समय रहते चेत गई, तो यही संकट एक नए, संतुलित और टिकाऊ विकास मॉडल की शुरूआत भी बन सकता है। पृथ्वी को बचाना अब विकल्प नहीं, मानव अस्तित्व की अनिवार्यता बन चुका है।

# वाह सुक्खू बोलिए, वाह!

–अरविन्द मोहन

**संयोग से** क्रिकेट प्रशासन आजकल भाजपाई नेताओं के हाथ में है और सुक्खू साहब कांग्रेसी हैं। उन्होंने राज्य की वित्तीय परेशानियों के मद्देनजर अपना वेतन समेत सारे मंत्रियों, विधायकों, प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के वेतन में कटौती की और इसे छह महीने तक टालने का फैसला किया। विधायकों और छोटे अधिकारियों का वेतन बीस फीसदी कम हुआ।

इसी 21 मार्च को जब हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य का वार्षिक बजट पेश किया तो एक क्रांतिकारी काम किया। अफसोस यह है कि उसकी चर्चा उसे हिसाब से नहीं हुई। शायद ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध कारण होगा लेकिन मीडिया, खासकर प्रिन्ट मीडिया को देखें तो दूसरे विषय भी पर्याप्त जगह पा रहे हैं- जी हां क्रिकेट का आईपीएल टूनार्मेंट तो शुरू होने के पहले से भर-भर पन्ने जगह पाने लगा है। हिमाचल भी इधर क्रिकेट में आयोजन के चलते चर्चा में रहा था, अपने आयोजक अधिकारियों के लिए विमान से मसीर्डीज टैक्सियां लाने ले जाने के लिए क्योंकि धर्मशाला जैसी छोटी जगह में ऐसी टैक्सियां कोई लेता ही नहीं। संयोग से क्रिकेट प्रशासन आजकल भाजपाई नेताओं के हाथ में है और सुक्खू साहब कांग्रेसी हैं।



उन्होंने राज्य की वित्तीय परेशानियों के मद्देनजर अपना वेतन समेत सारे मंत्रियों, विधायकों, प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के वेतन में कटौती की और इसे छह महीने तक टालने का फैसला किया। विधायकों और छोटे अधिकारियों का वेतन बीस फीसदी कम हुआ तो मंत्रियों और बड़े अधिकारियों के वेतन में तीस फीसदी कटौती हुई और खुद मुख्यमंत्री ने अपना वेतन पचास फीसदी कम कर दिया। छोटे कर्मचारियों और पेंशन वालों के लिए कोई कटौती नहीं हुई। अब हिमाचल में आर्थिक आपातकाल है या नहीं यह बहस का विषय हो सकता है लेकिन इस कदम पर कोई बहस नहीं हो सकता और आम तौर पर इसकी तारीफ ही हुई है-शिकायत है तो यही कि ज्यादा शोर क्यों नहीं मचा।

चर्चा तो हिमाचल विधान सभा में हुई लेकिन विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर की आलोचना बजट का आकार घटाने पर केंद्रित थी तो उनकी चिंता राज्य की अर्थव्यवस्था के पीछे जाने की थी। मुख्यमंत्री केंद्र से मिलने वाले लगभग आठ हजार करोड़ का अनुदान रोके जाने की शिकायत के साथ बजट के आकार में कमी को भी उसी से जोड़ते रहे।

दिलचस्प है कि हिमाचल की कटौती की चर्चा कर्नाटक विधान सभा में हुई और भाजपा विधायक वी सुनील कुमार ने कर्नाटक के बजट की 14 फीसदी रकम सब्सिडी पर और एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा रकम चुनावी रेवड़ियों पर खर्च का हवाला देते हुए हिमाचल जैसी स्थिति आने की चेतावनी दी। हिमाचल में कांग्रेस ने कई बड़े वायदे किए थे जिनमें पुरानी पेंशन स्कीम को वापस लाना भी शामिल था और सुक्खू साहब बार-बार आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए इनमें से कई योजनाओं पर अमल टालते रहे थे। भाजपा इसे देश भर में मुद्दा बनाती रही थी। हिमाचल ही नहीं कि अन्य राज्यों के ऐसे अनुभव का कोई प्रभाव चुनावी वायदों पर पड़ता नहीं दिखा है। अभी घोषित चुनावों में भी हर दल बढ़-चढ़ कर वायदे किए जा रहा है।

मुख्यमंत्री सुक्खू की पहल इसी संदर्भ में महत्वपूर्ण है। यह एक नई शुरूआत है और इसमें संभावना है कि चुनावी वायदों पर स्वैच्छिक अंकुश के साथ गरीब और अमीर राज्यों की सरकारों के आचरण में फर्क की शुरूआत हो। और इस लेखक जैसे काफी लोग हैं जिन्हें लगता है कि यह प्रयोग तो भारत सरकार के स्तर पर भी दोहराया जाना चाहिए क्योंकि प्रधानमंत्री दावा जो करें हम अभी भी एक गरीब देश हैं और सुरक्षा या शान जिस भी नाम से हो हमें विकसित देशों जैसे खर्च से बचना चाहिए। हजारों करोड़ रुपए का विशेष विमान अमेरिकी राष्ट्रपति रख सकते हैं हमारे लिए वह बोझ है और अगर कोई देश या प्रांत गरीब है तो गरीबी का अनुभव और किफायतों का बोझ सिर्फ आम लोग क्यों उठाए? पहले तो यह काम कथित नेता या अगुआ लोगों को करना चाहिए। उनको विदेशों से या बहुराष्ट्रीय निगमों के अधिकारियों से तुलना नहीं करनी चाहिए। एक न्यूनतम जरूरत का खयाल रखते हुए उन्हें अपने वेतन और सुविधाओं में कटौती करनी चाहिए। चुनाव के समय बड़ी-बड़ी बातें कहने के बाद जनता के पैसे से शीश महल बनवाने और उड़न खटोले में घूमने से बचना चाहिए। और कहना न होगा कि इस मामले में हिमाचल के फैसलों के अनुसरण में बिहार, ओडिशा, झारखंड और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों को आगे आना चाहिए और कांग्रेस तथा भाजपा जैसी पार्टियों को दबाव बनाकर अपनी सरकारों के शाहखर्ची पर रोक लगानी चाहिए।

## किसानों की टिकाऊ आजीविका की रक्षा को जलवायु बदलाव नियंत्रण से जोड़ रहा एक सार्थक प्रयास

भारत डोगरा

**किसानों** की टिकाऊ, आजीविका, रक्षा को जलवायु बदलाव नियंत्रण से जोड़ रहा एक सार्थक प्रयास इस तरह जो रचनात्मक उपलब्धियां बढ़ रही हैं, वे जलवायु बदलाव पर नियंत्रण के संदर्भ में भी सार्थक है। जो किसान अपना खर्च कम कर रहे हैं, मिश्रित खेती अपना रहे हैं, जिनके गांवों में जल व मिट्टी संरक्षण हो रहा है वे सब जलवायु बदलाव के उतार-चढ़ाव का सामना करने में भी अधिक सक्षम हो रहे हैं। इन गांवों में रासायनिक खाद व कीटनाशक दवाओं का उपयोग भी कम हो रहा है।

देश के अधिकतम किसान छोटे किसान हैं जो अन्य समस्याओं के साथ मौसम में आ रहे अप्रत्याशित बदलावों को भी झेल रहे हैं। यदि उनकी टिकाऊ आजीविका की रक्षा को जलवायु बदलाव के नियंत्रण से भी जोड़ा जा सके, तो यह एक बहुत सार्थक पहल होगी। महोबा जिले (उत्तर प्रदेश) के जैतपुर प्रखंड के 50 गांवों में ऐसा ही एक प्रयास लगभग दो वर्षों से सृजन संस्था द्वारा हो रहा है जिसे एच.एफ.डी.सी. के 'परिवर्तन' प्रयास से सहयोग मिल रहा है।

इस प्रयास की बुनियाद में दो प्रमुख सोच हैं। पहली सोच यह है कि यदि जल व मिट्टी संरक्षण, वृक्षारोपण आदि के पर्यावरण रक्षा के प्रयास से ग्रामीण पर्यावरण में बेहतर सुधार कर लिया जाए तो इससे किसानों की टिकाऊ आजीविका की पृष्ठभूमि तैयार हो जाती है। तिस पर यदि प्राकृतिक खेती को फल व सब्जी के छोटे-छोटे बगीचों व आत्म-निर्भरता के तौर-तरीकों से आगे बढ़ाया जाए, तो किसानों का खर्च कम करने व स्वस्थ व अच्छी गुणवत्ता के उत्पाद प्राप्त करने के उद्देश्य भी साथ-साथ प्राप्त हो जाते हैं।

इस सोच को व्यवहारिक रूप देते हुए पिछले दो वर्षों में इस 'स्वावलंबन' प्रोजेक्ट के अन्तर्गत लगभग 24000 वृक्ष मानव-निर्मित सघन वनों में लगाए गए हैं, 210 फलों के बगीचे व 110 सब्जियों के बहु-स्तरीय बगीचे तैयार किए गए हैं। जल-संरक्षण के लिए वर्षा जल के प्राकृतिक निकासी नालों में मानवीकृत गड्ढे बनाए गए हैं जिन्हें दोहा कहा जाता है व जिनमें पानी वर्षा के महीनों बाद बचा रहता है। ऐसे 406 दोहे बनाए गए हैं, 11 चैक डैमों व 5 तालाबों की मरम्मत की गई है, 24 गेबियन व चैक डैम



बनाए गए हैं, 220 कुंओं का पुनरुद्धार किया गया है। 528 एक-ड़ भूमि पर मेड़बंदी व समतलीकरण कार्य पूरा किया गया है। बेहतर सिंचाई के लिए 214 स्प्रिंकलर सेट व 14 सौर ऊर्जा लिफ्ट सिंचाई के सेट उपलब्ध करवाए गए हैं। इसके अतिरिक्त गांवों में विशेषकर महिलाओं को संगठित कर विकास समितियां व किसान समूह बनाए गए हैं व महिला किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका को प्रतिष्ठित किया गया है। इन समितियों में छोटे किसानों व कमजोर वर्गों को अधिक महत्व दिया गया है।

इन विभिन्न प्रयासों का सम्मिलित असर यह हुआ है कि अनेक गांवों के प्रतिभाशाली किसानों ने अनुकूल स्थितियों का लाभ उठाते हुए बहुत रचनात्मक संभावनाओं को आगे बढ़ाया है। सलैया माफ गांव में संतोष कुमार और वीना देवी ने आगे बढ़ कर प्राकृतिक खेती को अपनाया और साथ में अपना खर्च कम करते हुए उत्पादन को बढ़ा कर दिखाया। इसी गांव में श्याम सुंदर तेजी से इसी राह पर बढ़ रहे हैं। बेनीबाई ने बताया कि चैक डैम बनने से अब उस भूमि पर भी खेती हो रही है जो पहले बंजर थी। संजीव कुमार बहुत उत्साह से प्राकृतिक खेती का प्रचार कर रहे हैं। यही स्थिति नगारा डांग व बुधवारा गांवों की भी है। सुगीरा गांव में एक एकड़ भूमि पर सब्जी उगाते हुए अशोक कुशवाहा व हिमलेश देवी ने नई परिस्थितियों में अपनी इस भूमि से होने वाली आय को चार गुणा तक बढ़ा दिया। अशोक ने यह बताते हुए आंकड़े प्रस्तुत किया।

लमौरा गांव में स्वामी प्रसाद व कस्तूरी देवी के खेत में बने बहु-स्तरीय सब्जी के बगीचे को देखने आसपास के कई किसान आ रहे हैं। स्प्रिकंलर खेती व प्राकृतिक खेती के बल पर उनके रचनात्मक प्रयास आगे बढ़ रहे हैं व 8 बीघे में वे फ ल, सब्जी सहित लगभग 50 उत्पाद एक ही वर्ष में उगा रहे हैं। मिश्रित खेती, कीड़ों व बीमारियों को दूर रखने, उचित फसल-चक्र को अपनाने की उनकी गहरी समझ है। उनकी तरह कामता प्रसाद व मुन्नी का खेत भी किसानों के लिए एक प्रशिक्षण केन्द्र की तरह है। कामता प्रसाद व मुन्नी को तथा उनके संयुक्त परिवार के अन्य सदस्यों को इस परियोजना के अन्तर्गत जंगली जानवरों से रक्षा के लिए मजबूत लोहे की फेनसिंग मिली। इस तरह प्रतिकूल स्थितियों में भी उन्होंने अच्छे उत्पादन की प्राकृतिक खेती को आगे बढ़ाया। लखन लाल व विमला देवी ने अपने खेत पर ही जैविक खाद तैयार की व इसे अन्य किसानों को भी उपलब्ध करवाया। इस तरह जो रचनात्मक उपलब्धियां बढ़ रही हैं, वे जलवायु बदलाव पर नियंत्रण के संदर्भ में भी सार्थक है। जो किसान अपना खर्च कम कर रहे हैं, मिश्रित खेती अपना रहे हैं, जिनके गांवों में जल व मिट्टी संरक्षण हो रहा है वे सब जलवायु बदलाव के उतार-चढ़ाव का सामना करने में भी अधिक सक्षम हो रहे हैं। इन गांवों में रासायनिक खाद व कीटनाशक दवाओं का उपयोग भी कम हो रहा है जिससे फॉसिल फ्यूल यानि जीवाश्म ईंधन का बोझ भी कम हो रहा है।

लाडपुर जैसे जिन गांवों में सौर लिफ्ट सिंचाई की व्यवस्था की गई है वहां भी किसानों का खर्च बहुत कम होने व सिंचाई में सुधार के साथ डीजल के रूप में फॉसिल फ्यूल का बोझ कम हुआ है। छोटे किसानों के लिए सस्ते उपकरणों जैसे पावर टिलर उपलब्ध करवाने के केन्द्र खोल गए हैं। पावर टिलर में ट्रैक्टर से कहीं कम डीजल का उपयोग होता है व इस तरह फॉसिल फ्यूल का बोझ और कम होता है। पेड़ों की संख्या बहुत बढ़ने के साथ मिट्टी की गुणवत्ता सुधरने से भी कार्बन सोखने की क्षमता बढ़ी है।

## गोमती मित्रों के पूरे हुए अरमान किया विधायक का सम्मान

**सुलतानपुर ।** तेरह वर्षों का लंबा समय हर दरवाजे पर दस्तक पत्रों की एक लंबी श्रृंखला लेकिन जीवटता के धनी गोमती मित्रों ने हार नहीं मानी और अपना प्रयास निरंतर जारी रखा लेकिन कहते हैं नियति सब कुछ तय रखती हैं 2022 के विधानसभा चुनाव में सुलतानपुर से विनोद सिंह विधायक निर्वाचित हुए तो एक बार फिर गोमती मित्रों की उम्मीद की सुई उनकी तरफ घूम गई और उनसे सीताकुंड धाम के विकास के लिए निवेदन किया गया उन्होंने गोमती मित्रों के निवेदन और प्रयास की गंभीरता को समझते हुए शासन को सीताकुंड धाम के विकास और गोमती कॉरिडोर विकसित करने का प्रस्ताव भेजते हुये मुख्यमंत्री से लगातार मिलकर प्रयास करके एक अच्छी खासी राशि लगभग 5 करोड रुपए स्वीकृत कराया रविवार को सभी



गोमती मित्र संरक्षक रतन कसौधन,प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन, महिला मंडल प्रदेश अध्यक्ष शालिनी कसौधन के नेतृत्व में विधायक के आवास पहुंचकर उनका पुष्पगुच्छ देकर व माल्यार्पण कर सम्मान करते हुए धन्यवाद प्रेषित किया मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी,अजय प्रताप सिंह,सेनजीत कसौधन,मुन्ना सोनी,राकेश सिंह दद्दू, दिनकर सिंह,आलोक तिवारी,सौरभ गुप्ता,रामू कसौधन,राजीव कसौधन, आयुष सोनी आदि मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक संतोष पांडेय व अन्य को मिली बड़ी राहत

**सुलतानपुर। सुनील** यादव की हत्या के आरोप से जुड़े मामले में पुलिस की अंतिम रिपोर्ट के खिलाफ वादिनी की तरफ से पेश गई प्रोटेस्ट अर्जी पर शनिवार को एमपी-एमएलए कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा का फैसला सामने आया। अदालत ने अपने आदेश में सुनील यादव की मृत्यु हार्टअटैक से होना मानते हुए व पुलिस की विवेचना में कोई कमी नहीं दिखने पर वादिनी की प्रोटेस्ट अर्जी को खारिज करते हुए फाइनल रिपोर्ट स्वीकार कर लिया है। अदालत के इस आदेश से पूर्व विधायक संतोष पाण्डेय सहित अन्य आरोपियो को बड़ी राहत मिली है।

चांदा थाने के मदारडीह गांव की रहने वाली वादिनी सरिता यादव ने अपने पति सुनील यादव की हत्या का आरोप लगाते हुए पूर्व विधायक संतोष पांडेय व उनके साले विवेक कुमार मिश्रा निवासी मदारडीह-चांदा एवं सह आरोपी सुशील निषाद के खिलाफ गत आठ जुलाई को स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में विवेचक दीपेंद्र विक्रम सिंह ने आरोपियों को क्लीन चिट देते हुए अंतिम रिपोर्ट अदालत में पेश किया था।

## किशोरी का अपहरण कर मारपीट, हालत गंभीर

**सुल्तानपुर-शिवगढ़** थाना क्षेत्र के एक गांव से सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि एक किशोरी का अपहरण कर उसके साथ मारपीट की गई और गलत हरकतें करने के बाद उसे घर के पास फेंक दिया गया। गंभीर हालत में किशोरी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि किशोरी को कुछ लोगों ने अगवा कर लिया और उसे बेरहमी से पीटा। इसके साथ ही उसके साथ अभद्रता की गई। बाद में आरोपी उसे उसके घर के पास छोड़कर फरार हो गए। घटना के बाद परिजनों ने उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया,जहां उसका इलाज चल रहा है। परिजनों का आरोप है कि इससे पहले भी किशोरी का अपहरण हुआ था,जिसमें मुकदमा दर्ज कराया गया था। उनका कहना है कि उसी मामले के आरोपियों के परिजनों पर इस घटना को अंजाम देने का शक है। इस संबंध में शिवगढ़ थाना प्रभारी चंद्रभान वर्मा ने बताया कि सूचना मिली है और मामले की जांच की जा रही है।

# पूर्व सांसद ने प्रशासन के 22 लाख दीपों के दावों की उड़ा दी धज्जियां, दीपदान बना आंकड़ो का मायाजाल

- आस्था की रोशनी में सियासी धुंध
- गौरव दिवस पर गरमाई सियासत

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिले की पावन धरती पर एक ओर जहां गौरव दिवस के नाम पर 22 लाख दीपों की रोशनी का दावा आसमान छूता नजर आया, वहीं दूसरी ओर इन दावों की चमक पर सवालों की स्याही भी गहराती चली गई। प्रशासन ने विकास और भव्यता के गीत गाए, मंच सजे, भाषणों में उजालों की इबारत लिखी गई, और बड़े-बड़े नेता इस रोशनी के कारवां में अपना नाम दर्ज कराने की होड़ में आगे बढ़ते दिखे। मगर इसी उजाले के बीच पूर्व सांसद भैरव प्रसाद मिश्रा की कलम ने एक ऐसा सवाल उछाल दिया, जिसने पूरे माहौल को सियासी धुंध में लपेट दिया। सोशल मीडिया पर वायरल उनके पत्र में शब्द नहीं, बल्कि तंज की तपिश थी- जहां एक लाख दीप भी मुश्किल से जले, वहां 11 लाख और 22 लाख की गूंज किस सच्चाई की दास्तां कहती है? उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन द्वारा पेश किए गए आंकड़े हकीकत से कोसों दूर हैं और यह केवल एक दिखावटी मंजर है, जिसने न सिर्फ सच्चाई को धुंधला किया बल्कि लोगों की आस्था को भी ठेस पहुंचाई। आगे कहा जा सकता है कि- दीप जले या ख्वाब जले, ये हिसाब कौन रखे, जो सच था वो छिप गया, अब जवाब कौन रखे। पूर्व सांसद ने इस पूरे प्रकरण को फर्जी बयानबाजीह्व करार देते हुए भगवान कामतानाथ से प्रार्थना की कि जो भी इस भ्रमजाल के जिम्मेदार हैं, उन्हें उचित दंड मिले। अब सवाल यही है- क्या ये दीप वास्तव में जले थे, या फिर आंकड़ों की रोशनी में सच कहीं बुझ गया?



## चंदन-कुमकुम संग सरस्वती विद्या मंदिर कर्वी में प्रवेश परीक्षा संपन्न, 264 परीक्षार्थी शामिल

**चित्रकूट।** जिले के शैक्षिक परिदृश्य में रविवार का दिन उत्साह और परंपरा का अनूठा संगम बन गया, जब बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बेड़ी पुलिया कर्वी में कक्षा 6 से 11 तक के नए प्रवेश हेतु प्रथम परीक्षा संपन्न हुई। 264 परीक्षार्थियों की उपस्थिति ने विद्यालय की प्रतिष्ठा और भरोसे को फिर साबित कर दिया। प्रवेश द्वार पर चंदन-कुमकुम, पुष्प वर्षा और घोष की गूंज के बीच अभ्यर्थियों और अभिभावकों का स्वागत मानो शिक्षा के मंदिर में संस्कारों का अभिनंदन था। इस भारतीय परंपरा की जीवंत झलक ने अभिभावकों को भावविभोर कर दिया और चर्चा का विषय बन गई। विद्यालय के प्रबंधक श्याम सुंदर मिश्रा ने आत्मीय संवाद से सभी का मन जीता, वहीं प्रधानाचार्य राघवेन्द्र पाण्डेय सहित आचार्य बंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को सफल बनाया। परीक्षा प्रमुख हर्ष के अनुसार, सफल अभ्यर्थियों को 1 से 15 अप्रैल के बीच प्रवेश लेना अनिवार्य होगा, जबकि परिणाम सूची सोमवार सुबह सूचना पट पर प्रदर्शित की जाएगी।

## जिले के सात पीएम श्री विद्यालयों में फर्नीचर आपूर्ति, 2205 छात्र लाभान्वित

**चित्रकूट।** जिले की शैक्षिक फिजाओं में अब बदलाव की नई दस्तक सुनाई दे रही है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के अनुसार जनपद के सात पीएम श्री परिषदीय विद्यालयों-कछारपुरवा, कसहाई, अशोह-पहाड़ी, लोधौरा, बरूवा, टिकरा और इटवाडुडैला- में आधुनिक फर्नीचर की आपूर्ति ने पढ़ाई के माहौल को नई पहचान दी है। मेसर्स अटल इंटर प्राइजेज लखनऊ द्वारा उपलब्ध कराए गए 132 फर्नीचर सेट अब 2205 छात्र-छात्राओं के सपनों को सहेजने का आधार बनेंगे। जहां कभी जमीन पर बैठकर ज्ञान की रोशनी तलाशते नन्हे कदम थे, वहीं अब सुसज्जित कक्षाओं में आत्मविश्वास की नई कहानी लिखी जाएगी। यह पहल न सिर्फ सुविधाओं का विस्तार है, बल्कि शिक्षा के सम्मान और बच्चों के भविष्य को संवारने की एक सशक्त शुरूआत भी है।

# क्या अखिलेश यादव के दखल के बाद ही चित्रकूट प्रशासन अवैध खनन को स्वीकारेगा ?

- वीडियो उबलते रहे, रिपोर्टें ठंडी
- खनन पर क्लीन चिट का खेल?

अखंड भारत संदेश



सोशल मीडिया में वायरत खनन की क्लिप

**चित्रकूट।** जिले की फिजाओं में इन दिनों धूल के साथ-साथ सवाल भी उड़ रहे हैं। एक ओर सोशल मीडिया पर अवैध खनन के वीडियो और तस्वीरें आग की तरह फैल रही हैं, तो दूसरी ओर जिला खनिज अधिकारी की हर जांच क्लीन चिट के साए में सिमटती नजर आ रही है, जो पूरे घटनाक्रम को संदेह के घेरे में खड़ा कर रही है। आरोप इतने गंभीर हैं कि चचाओं में यह तक कहा जा रहा है कि निरीक्षण से पहले ही खनन स्थलों तक सूचना पहुंच जाती है और मौके पर सब कुछ अचानक व्यवस्थित दिखने लगता है, जिससे हर रिपोर्ट साफ-सुथरी बनकर निकलती है। अब बड़ा सवाल है कि आखिर यह सूचना किस रास्ते से बहती है- क्या यह महज संयोग है या व्यवस्था की परतों में कहीं कोई खामोश इशारा छिपा है। कहें तो, -धूल तो उठती है हर ओर, मगर आंखें क्यों नम नहीं, कुछ तो है जो दिखता नहीं, पर होता हरदम यहीं- हाल ही में बांदा में खनन का मामला तब सुर्खियों में आया जब वीडियो बड़े स्तर पर पूर्व सीएम अखिलेश यादव के सोशल मीडिया से वायरल हुआ और उसके बाद कार्रवाई की बातें सामने आईं। ऐसे में यह सवाल और गहरा जाता है कि क्या चित्रकूट में अवैध खनन तब तक अदृश्य बना रहेगा, जब तक कोई बड़ा मंच या बड़ा नाम उसे उजागर न करे। स्थानीय लोग बताते हैं कि शिकायतें दी जाती हैं, फोन किए जाते हैं, मगर जवाब में अक्सर सन्नाटा ही मिलता है और अगर कुछ कार्रवाई होती भी है तो वह महज खानापूर्ति बनकर रह जाती है। ऐसे में यह प्रकरण अब केवल खनन का नहीं, बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता और जनविश्वास का बन गया है। आखिर सच क्या है- धूल में छिपा हुआ या कागजों में दर्ज- जवाब अब प्रशासन को देना ही होगा वो भी पूरी पारदर्शिता के साथ।

# चित्रकूट में निःशुल्क नेत्र शिविर, 356 लोगों की जांच और 150 को चश्मे

- शास्त्री नगर में नेत्र परीक्षण शिविर
- 14 मरीज ऑपरेशन के लिए रेफर



शिविर में मौजूद अतिथिगण

**चित्रकूट।** जिले की धरती पर रविवार को सेवा और संवेदना का ऐसा संगम देखने को मिला, जहां आंखों की रोशनी ही नहीं, उम्मीदों की किरणें भी बांटी गईं। सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकीकुंड एवं सेवा भारती के संयुक्त प्रयास से शास्त्री नगर स्थित विद्यालय में आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविर में 356 लोगों की जांच कर मानवता का उजाला फैलाया गया। 150 जरूरतमंदों को चश्मे देकर धुंधली दुनिया को स्पष्ट किया गया, तो 102 लोगों को आई ड्रॉप और करीब 100 मरीजों को दवाएं देकर राहत पहुंचाई गई। मोतियाबिंद से जूझ रहे 20 मरीजों में से 14 को ऑपरेशन के लिए भेजा जाना इस पहल की गंभीरता को दशार्ता है। उद्घाटन करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने सेवा बस्तियों में जागरूकता की कमी पर चिंता जताई और ऐसे शिविरों को जीवन बदलने वाला बताया। संयोजक शंकर प्रसाद यादव के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की अपील की। चिकित्सकों ने भी चेताया कि उम्र बढ़ने के साथ आंखों की नियमित जांच जरूरी है। यह शिविर न केवल इलाज का माध्यम बना, बल्कि समाज में सेवा, समरसता और संवेदना की नई रोशनी भी जगा गया।

## शिवरामपुर डायट में कहानी प्रतियोगिता, गिरीश मिश्रा व श्वेता पाण्डेय प्रथम

**चित्रकूट।** जिले के शैक्षिक आंगन में 28 मार्च को शब्दों की ऐसी सरिता बही, जिसने ज्ञान और कल्पना का अद्भुत संगम रच दिया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर में आयोजित जनपद स्तरीय कहानी सुनाओ प्रतियोगिता में जनपद के सभी विकास खण्डों से आए 34 शिक्षकों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का ऐसा जादू बिखेरा कि हर श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठा। डायट प्राचार्य बीके शर्मा के निर्देशन में प्रारंभ हुए इस आयोजन में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर के शिक्षकों ने प्रेरणादायी कथाओं के माध्यम से शिक्षा की नई रोशनी जगाई। निर्णायक मंडल के मूल्यांकन में उच्च प्राथमिक स्तर पर गिरीश कुमार मिश्रा ने प्रथम स्थान हासिल कर बाजी मारी, जबकि प्राथमिक स्तर पर श्वेता पाण्डेय की कहानी ने सबका दिल जीत लिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन राजेश उपाध्याय ने किया, जबकि डायट के सभी प्रवक्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और भव्य बना दिया।

# केवल तीर्थ ही नहीं, स्वच्छता का आदर्श बनेगा चित्रकूट- कामदगिरि स्वच्छता समिति

### परिक्रमा मार्ग पर सफाई अभियान, स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26

**चित्रकूट।** जिले की पावन धरा पर 29 मार्च को स्वच्छता का ऐसा शंखनाद हुआ, जिसने स्वच्छ चित्रकूट-सुंदर चित्रकूट के संकल्प को नई धार दे दी। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत कामदगिरि स्वच्छता समिति और नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम के संयुक्त प्रयासों से कामतानाथ परिक्रमा मार्ग स्थित तुलसी चौरा मंदिर के समीप भव्य विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग और नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता के निर्देशन में यह अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जनचेतना का महाअभियान बन गया। परिक्रमा मार्ग के कोने-कोने में झाड़ू की लय गूंजी, कचरे का समुचित निस्तारण हुआ और श्रद्धालुओं को स्वच्छता का मंत्र दिया गया। समिति अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने स्पष्ट कहा कि स्वच्छता किसी एक की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का धर्म है। वहीं स्वच्छ भारत मिशन (नगरी) के जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार ने पॉलिथीन त्यागने, कचरे को पृथक करने और डस्टबिन के उपयोग की अपील कर जनभागीदारी को मजबूती देने का संदेश दिया। प्रशासन ने यह भी साफ कर दिया कि गंदगी फैलाने वालों पर अब सख्त कार्रवाई होगी। अभियान में जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों और सफाई कर्मियों ने एक स्वर में संकल्प लिया- अब चित्रकूट केवल तीर्थ नहीं, स्वच्छता का आदर्श बनेगा।




सफाई अभियान के बाद मौजूद टीम

## दहाड़ती मेहनत ने लिखी सफलता की इबारत, खपटिहा की बेटी शालू बनीं टीजीटी शिक्षक



नव चयनित टीजीटी शिक्षक शालू द्विवेदी

**मऊ (चित्रकूट)।** सपनों को सच करने का जज्बा जब जुनून में ढलता है, तो खामोश गांवों से भी सफलता की गूंज उठती है। खपटिहा गांव की बेटी शालू द्विवेदी ने अपनी अथक मेहनत और अडिग संकल्प से ऐसा ही इतिहास रच दिया है। प्रयागराज स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल न्यू कैंट इलाहाबाद में हिंदी विषय की टीजीटी शिक्षक के रूप में उनका चयन पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का प्रतीक बन गया है। पिता व पूर्व प्रधान दिलीप द्विवेदी की आंखों में गर्व की चमक है, तो भाई अंकित द्विवेदी इसे संघर्ष और समर्पण की जीत बताते हैं। छिवलहा गांव निवासी पति आशीष कुमार का सहयोग भी इस सफलता की नींव बना। शालू ने अपनी उपलब्धि का श्रेय ईश्वर और माता-पिता को दिया है। यह सफलता सिर्फ एक नियुक्ति नहीं, बल्कि उन तमाम बेटियों के लिए उम्मीद की मशाल है, जो सीमित संसाधनों में भी बड़े सपने देखने का साहस रखती हैं।

# कर्वी में जुआ खेलते आठ आरोपी गिरफ्तार, 7780 रुपये बरामद

अखंड भारत संदेश




पुलिस गिरफ्त में आरोपी

**चित्रकूट।** कर्वी कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने जुए के अड्डे पर ऐसा शिकंजा कसा कि ताश की बाजी खेल रहे आठ खिलाड़ी कानून के दांव में फंस गए। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में चल रही सख्त मुहिम के तहत प्रभारी निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 राजेश कुमार व अमरेन्द्र सिंह की टीम ने छापेमारी कर मौके से जुगुल किशोर, रोहित, अब्दुल, चेतराम, अजमत अली, भोला प्रसाद, सुरेन्द्र कुमार व पारसनाथ को दबोच लिया। ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगा रहे इन जुआरियों के कब्जे से मालफड़ के 5160 रुपये, 52 अदद ताश पत्ते और तलाशी में मिले 2620 रुपये सहित कुल 7780 रुपये बरामद हुए। कार्रवाई में राहुलपुरी, राहुल देव, मोहित कुमार व चालक आरक्षी नीतू द्विवेदी की सक्रिय भूमिका रही। पुलिस की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई ने साफ संदेश दिया है कि कानून की नजर अब हर उस कोने पर है, जहां किस्मत के नाम पर अवैध खेल सजते हैं।

## चित्रकूट में दिव्यांग शिक्षक की तबीयत बिगड़ने से रास्ते में मौत

**चित्रकूट।** कर्वी कोतवाली क्षेत्र के बूढ़ा सेमरवार गांव में शनिवार शाम एक संवेदनशील घटना ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया। दिव्यांग सरकारी शिक्षक हीरालाल पुत्र राधेश्याम की अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिससे परिवार में अफरा-तफरी मच गई। परिजन उन्हें निजी वाहन से सोनेपुर जिला अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन किस्मत ने रास्ते में ही साथ छोड़ दिया और उन्होंने दम तोड़ दिया। पहाड़ी क्षेत्र के लोहदा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक रहे हीरालाल के निधन से विद्यालय और गांव में गहरा मातम पसरा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू कर दी है।

# सेवा के वटवृक्ष को नया माली- डॉ इलेश जैन बने नेत्र चिकित्सालय निदेशक



गुरु की मौजूदगी में पदभार गृहण करते डॉ इलेश जैन

**चित्रकूट।** जिले की सेवा-धारा में एक नया अध्याय जुड़ गया जब सदगुरू नेत्र चिकित्सालय को उसका नया नेतृत्व मिला। परम पूज्य संत रणछोड़ दास महाराज की कृपा और पूज्य गोलोकवासी अरविंद भाई मफतलाल व पद्मश्री स्व डॉ बीके जैन के आशीर्वाद की छाया में ट्रस्ट बोर्ड ने सर्वसम्मति से डॉ इलेश जैन को निदेशक नियुक्त किया। मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास महाराज की पावन उपस्थिति में हनुमान चालीसा के पाठ के साथ यह पदभार ग्रहण एक आध्यात्मिक आभा में सम्पन्न हुआ। डॉ इलेश जैन ने इसे केवल पद नहीं, बल्कि सेवा की विरासत बताते हुए कहा कि यह संस्थान अब एक वटवृक्ष बन चुका है, जिसे और विस्तारित करना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने ट्रस्ट के संस्थापकों के सपनों को साकार करने का संकल्प दोहराया। इस गरिमामयी अवसर पर अध्यक्ष विशद भाई, रूपल बेन, उषा जैन, मनोज पंड्या सहित समस्त ट्रस्टीगण और कर्मचारी उपस्थित रहे, जहां सेवा और समर्पण का भाव चरम पर दिखाई दिया।

# इजरायल ने फोन दिखाकर हिलाई पूरी दुनिया, भारत हैरान, ईरान परेशान




**इजराइल**

**इजराइल** ने एक तरफ भारत को रामनवमी की बधाई दी तो दूसरी तरफ दुनिया को एक ऐसी आवाज सुनाई जो ईरान के लिए पैसा जमा करने वालों को हिला कर रख देगी। इजराइल ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक घड़ी और एक मोबाइल फोन से तहलका मचा दिया है। कुछ देर के लिए तो सुरक्षा परिषद में बैठे कई देशों के राजदूत भी हैरान हो गए। जिस वक्त कश्मीर में ईरान के लिए हमदर्दी दिखाई जा रही थी, उसी वक्त ईरान ने भी दुनिया को बताया कि इजराइली लोगों के साथ क्या गुजर रहा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में इजराइल के राजदूत डेनी डेनन अचानक एक भाषण देने आए। डेनी डेनन ने सुरक्षा परिषद के सदस्यों के सामने रेड अलर्ट सायरन बजा दिया। इसके बाद घड़ी में 15 सेकंड का टाइमर लगा दिया। डेनी डेनन ने ऐसा क्यों किया वह उन्होंने खुद ही बता दिया। दरअसल सुरक्षा परिषद में डेनी डेनन ने वहां मौजूद सभी डिप्लोमेट्स और पूरी दुनिया को यह दिखाया कि इजराइली नागरिक मिसाइली हमलों के साए में कैसे रहते हैं। इजराइली राजदूत ने बताया कि जब आतंकी इजराइल पर रॉकेट दागते हैं तब इजराइली लोगों के फोन में ठीक यही सायरन बजता है और उनके पास जान बचाने के लिए सिर्फ 15 सेकंड होते हैं।

डेनी डेनन ने कहा कि आप एक पल इसके बारे में सोच कर देखिए। सिर्फ 15 सेकंड कल्पना कीजिए कि आप घर पर हैं। आपके तीन बच्चे हैं। आप सबसे पहले किसे अपने साथ ले जाएंगे? क्या आप बाकियों को भी वापस लेने आएंगे? क्या आप अपने बुजुर्ग माता-पिता को भी उठाकर ले जाएंगे? ध्यान रखिए कि आपके पास सिर्फ 15 सेकंड हैं। डेनी डेनन ने कहा कि अगर आप उस वक्त घर में मौजूद नहीं है तो आप क्या करेंगे? आपके बच्चों और मां-बाप को कौन बचाएगा? आप 15 सेकंड में खुद को कैसे बचाएंगे? आइए अब आपको दिखाते हैं कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में इजराइल के डिप्लोमेट डेनी डेनन ने क्या तहलका मचाया है। दिस इज व्हाट इज वेल इज हियर।

इजराइल के रक्षा मंत्री ने कहा कि ईरान पर इजराइल के हमले तेज और व्यापक होंगे। रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने एक बयान में कहा कि उन्होंने और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ह्यह्यईरानी आतंकवादी शासन को इजराइल की नागरिक आबादी पर मिसाइलें दागना बंद करने की चेतावनी दी है। काट्ज ने कहा कि चेतावनी के बावजूद, बमबारी जारी है और इसलिए ईरान में (इजराइली सेना के) हमले बढ़ेंगे तथा अतिरिक्त लक्ष्यों और क्षेत्रों को निशाना बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस युद्ध अपराध के लिए ईरान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

इजराइल ने बृहस्पतिवार को ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड की नौसेना के प्रमुख कमांडर अलीरजा तंगसिरी को मार गिराने का दावा किया। तंगसिरी होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की रणनीति की अगुवाई कर रहे थे। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक संक्षिप्त वीडियो संदेश में कहा कि इजराइल ईरान पर पूरी ताकत से हमला करना जारी रखे हुए है, जबकि इस्लामी गणराज्य और उसके लेबनानी सहयोगी हिज्बुल्ला ने इजराइल भर में कई हमले किए, जिससे लोगों को जान बचाने के लिए भागना पड़ा। नेतन्याहू ने कहा, ह्यह्यकल रात हमने इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर की नौसेना के कमांडर को मार गिराया। इस व्यक्ति के हाथ खून से सने थे, और वह होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने के लिए भी जिम्मेदार था। उन्होंने कहा, हम ईरान के आतंकी शासन के ठिकानों पर पूरी ताकत से हमले करना जारी रखेंगे। बृहस्पतिवार को ईरान और लेबनान की ओर से बड़ी संख्या में मिसाइल, रॉकेट और ड्रोन हमलों के कारण पूरे इजराइल में चेतावनी सायरन बजाए गए, जिससे दोपहर तक लोगों को कई बार आश्रय स्थलों में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। चिकित्साकर्मियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को इजराइल में हुए इन हमलों में कम से कम दस लोग घायल हुए।

# ईरान तो अलग ही अंदाज से चौंका रहा है, मिसाइल पर भारत का नाम लिखकर इजरायल पर किया फायर




**ईरान**

**इजराइल** पर हमले के लिए ईरान ने एक ऐसी रणनीति अपनाई जिसने सबका ध्यान खींच लिया और इसमें भारत का नाम भी सामने आया। दरअसल ईरान ने हाल ही में इजराइल की ओर दागी गई कुछ मिसाइलों पर थैंक्यू जैसे संदेश लिखे और खास बात यह है कि इन संदेशों में भारत का नाम भी लिखा गया। यानी ईरान ने भारत का नाम लिखकर इजराइल पर मिसाइल दागी। ईरानी सरकारी मीडिया प्रेस टीवी द्वारा जारी एक वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि मिसाइलों पर अलग-अलग देशों के नाम के साथ धन्यवाद संदेश लिखे गए हैं। भारत का नाम भी इसमें देखा जा सकता है। तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि इस पर थैंक यू इंडिया लिखा हुआ है। इंडिया के साथ-साथ जर्मनी का नाम भी लिखा गया। इन देशों को ईरान इसलिए थैंक यू कह रहा है क्योंकि इनका रुख इस संघर्ष में संतुलित माना जा रहा है और इन्होंने खुलकर अमेरिका का साथ नहीं दिया। भारत समेत जर्मनी, पाकिस्तान और स्पेन जैसे देशों के नाम इसमें देखे जा सकते हैं। दरअसल, यह कदम सिर्फ एक सैन्य कारवाही नहीं बल्कि एक सोची समझी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। इसे साइकोलॉजिकल वॉरफेयर की तरह भी देखा जा रहा है। जिसका मकसद सिर्फ दुश्मन को निशाना बनाना नहीं बल्कि दुनिया के सामने एक खास संदेश और धारणा बनाना भी है। ईरान इस तरीके से यह दिखाने की कोशिश कर रहा है कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर वह पूरी तरह अलग-थलग नहीं है। खासकर ऐसे वक्त में जब उस पर स्टेट ऑफ हुर्मस को लेकर लगातार वैश्विक दबाव बना हुआ है और ऐसे में यह संदेश काफी अहम माना जा रहा है। हालांकि इस तरह की रणनीति पहले भी देखी गई है।

ईरान ने उसी अंदाज को अपने तरीके से अपनाते हुए जवाब देने की कोशिश की और बड़ी बात यह संदेश इजराइल के खिलाफ ही इस्तेमाल किए जा रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम में भारत का नाम सामने आना अपने आप में मायने रखता है। भारत पारंपरिक रूप से संतुलित विदेश नीति अपनाता रहा है और मिडिल ईस्ट के देशों के साथ उसके संबंध अलग-अलग स्तरों पर मजबूत है। ऐसे में ईरान वाला भारत का नाम इस तरह इस्तेमाल करना कूटनीतिक नजरिए से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कुल मिलाकर यह साफ है कि मिडिल ईस्ट की यह जंग अब सिर्फ जमीन या आसमान में नहीं बल्कि दिमाग और धारणा के स्तर पर भी लड़ी जा रही है।

# ईरान का ऐसा खौफ, होटल में छिपे अमेरिकी सैनिक, हमले के बाद कई ठिकाने बर्बाद

**अमेरिका**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कभी शायद ही सोचा हो कि उनके सैनिकों पर ईरान के हमले इतने पहने हो जाएंगे कि सैनिकों को होटलों में पनाह लेनी पड़ेगी। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट यही कह रही है। पूरे मिडिल ईस्ट और वेस्ट एशिया जो इलाका है वहां पर अमेरिका के छोटे-बड़े मिलाके और ठिकाने एयरबेस नेवल बेस सब मिला के 13 बड़े-बड़े ऐसे बेस हैं जो अमेरिका के लिए स्ट्रेटेजिक रूप से बहुत अहम माने जाते हैं। ईरान ने इन पर इतना जबरदस्त हमले हमला किया चाहे वो ड्रोन से हो, चाहे बैलेस्टिक मिसाइल से हो, चाहे वो हाइपरसोनिक मिसाइल से हो कि अब वहां रहने लायक नहीं बचा है। या तो वह पूरी तरह तबाह हो चुके हैं वो बेसेस। या तो अगर वो बचे भी हैं तो उनमें जान का खतरा लेके कोई रहना नहीं चाहता। अब यही वजह है कि अमेरिकी सैनिकों को इधर-उधर शिफ्ट किया जा रहा है। अलग-अलग जगहों पे भेजा जा रहा है।

# व्हाइट हाउस के रहस्यमय पोस्ट से बढ़ा सस्पेंस



**अमेरिका**

व्हाइट हाउस ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट्स पर कई रहस्यमय वीडियो और पिक्सेलेटेड तस्वीरें प्रकाशित की हैं, जिससे ट्रंप प्रशासन की ओर से जल्द ही किसी घोषणा की आशंका जताई जा रही है। एक वीडियो में 'चुप रहने का इशारा' करने वाला इमोजी है, और जब इसे उल्टा चलाया जाता है, तो इसमें एक ऑडियो सुनाई देता है जिसे यूजर्स ने कल एक रोमांचक घोषणा होगी के रूप में पहचाना है। बुधवार देर रात शुरू हुए इन पोस्टों को लाखों बार देखा जा चुका है और ऑनलाइन कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। ये पोस्ट ईरान के साथ संघर्ष में अमेरिका की भूमिका को लेकर बढ़े तनाव के बीच आए हैं, जहां राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बार-बार कह रहे हैं कि बातचीत चल रही है, जबकि ईरानी अधिकारी ऐसी किसी भी बातचीत से इनकार कर रहे हैं। पहला वीडियो बुधवार को व्हाइट हाउस के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर सामने आया। यह क्लिप, जिसे बाद में हटा दिया गया लेकिन अभी भी प्रसारित हो रहा है। इसमें एक मोबाइल फोन से जमीन की ओर करके फिल्माया गया धुंधला फुटेज दिखाई देता है। इसमें काले बूट और ड्रेस पहने एक महिला नजर आती है। वह पूछती है। यह बहुत बढ़िया है। यह जल्द ही लॉन्च होने वाला है, है ना? स्क्रीन पर आवाज चालू करें लिखा हुआ दिखाई देता है। कैमरे के पीछे से आती एक पुरुष की आवाज हाँ में जवाब देती है, जिससे पुष्टि होती है कि उनकी बातचीत का विषय जल्द ही आने वाला है।

नेटिजन्स ने रहस्यमय संदेश को समझने की कोशिश की

बाद में अकाउंट ने एक और वीडियो साझा किया जो एक काली स्क्रीन से शुरू होता है और फिर व्हाइट हाउस का एक स्केच दिखाता है ।

# कई बैलिस्टिक ठिकाने किए तबाह



**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ईरान के साथ शांति वार्ता करने के बावजूद, पश्चिम एशिया में संघर्ष जारी है। शनिवार को इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि उन्होंने ईरान के यज्द में स्थित ईरानी शासन के मिसाइल और समुद्री खदान उत्पादन के मुख्य केंद्र पर हमला किया है। आईडीएफ ने दावा किया कि इस केंद्र का उपयोग क्रूज प्लेटफॉर्म, पनडुब्बियों और हेलीकॉप्टरों से गतिशील और स्थिर समुद्री लक्ष्यों को निशाना बनाने के लिए उन्नत मिसाइलों की योजना, विकास, संयोजन और भंडारण के लिए किया जाता था। आईडीएफ ने कहा कि तेहरान भर में किए गए हमलों में, वायु सेना ने शासन द्वारा हथियार उत्पादन के लिए उपयोग किए जाने वाले बुनियादी ढांचे और स्थलों को निशाना बनाया, जिसमें बैलिस्टिक मिसाइल उत्पादन स्थलों पर विशेष जोर दिया गया। आईडीएफ के अनुसार, पश्चिमी ईरान में, सैन्य खुफिया जानकारी के मार्गदर्शन में, वायु सेना ने पूरी रात ईरानी आतंकी शासन के गोलाबारी केंद्रों पर हमले किए। जिन लक्ष्यों पर हमला किया गया उनमें मिसाइल लॉन्चर और मिसाइल भंडारण स्थल शामिल थे जो इजरायल राज्य के लिए खतरा पैदा करते हैं।

आईडीएफ ने कहा कि वह इजरायल राज्य के नागरिकों की ओर होने वाली गोलाबारी को कम करने के उद्देश्य से शासन के बैलिस्टिक मिसाइल नेटवर्क पर हमला करने के लिए लगातार बिना रुके अभियान चला रहा है। पिछले एक दिन में, खुफिया जानकारी के आधार पर, इजरायली वायु सेना ने पश्चिमी ईरान में लगभग 20 लड़ाकू विमानों की उड़ानों में ईरानी आतंकी शासन के दर्जनों ठिकानों पर हमला किया।

# संयुक्त राष्ट्र और इसके मूल मूल्य, साथ ही समग्र मानवाधिकार ढाँचा गंभीर खतरे में




**ईरान**

**ईरान** के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने शुक्रवार को ईरान में नागरिक ढाँचे पर हुए हमलों, विशेष रूप से मीनाब प्राथमिक विद्यालय पर हुए हमले, जिसमें 160 से अधिक लोग मारे गए, के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका और इजराइल की कड़ी निंदा की। इन कृत्यों को युद्ध अपराध बताते हुए, उन्होंने दुनिया से ईरान के प्रति हो रहे अन्याय के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया और इस बात पर जोर दिया कि देश जब तक आवश्यक होगा, अपनी रक्षा करता रहेगा।

अराघची ने कहा कि अन्याय के सामने उदासीनता और चुप्पी से न तो सुरक्षा और न ही शांति आएगी। इससे और अधिक असुरक्षा और मानवाधिकारों का उल्लंघन होगा। संयुक्त राष्ट्र और इसके मूल मूल्य, साथ ही समग्र मानवाधिकार ढाँचा गंभीर खतरे में है। आप सभी को हमलावरों की निंदा करनी चाहिए और उन्हें यह बताना चाहिए कि राज्यों का समुदाय, मानव सामूहिक चेतना, ईरानियों के खिलाफ उनके द्वारा किए जा रहे घृणित अपराधों के लिए उन्हें जवाबदेह ठहराती है।

# किसी भी अमेरिकी हरकत का देंगे 'कड़ा जवाब'



**अमेरिका**

**इस्लामिक** रिवोल्यूशन गार्ड्स कोर (आईआरजीसी) की नौसेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य की स्थिति के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दावों का कड़ा जवाब दिया है। ईरान के सरकारी समाचार चैनल प्रेस टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, आईआरजीसी नौसेना ने इस बात को सिरे से खारिज कर दिया है कि यह महत्वपूर्ण जलमार्ग आवागमन के लिए खुला है, और जोर देकर कहा है कि यह अभी भी नाकाबंदी के अधीन है। यह बयान अमेरिकी प्रशासन की हालिया टिप्पणियों के बाद आया है जिसमें समुद्री मार्ग के सुचारू रूप से चलने का संकेत दिया गया था। आईआरजीसी सैन्य कमान ने सीधे तौर पर खंडन करते हुए स्पष्ट किया है कि वह इस महत्वपूर्ण जलमार्ग पर पूर्ण नियंत्रण बनाए हुए है। आईआरजीसी नौसेना ने अपने बयान में कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य बंद है, और जलडमरूमध्य से किसी भी तरह की आवाजाही का कड़ा जवाब दिया जाएगा।

यह चेतावनी क्षेत्र में व्याप्त अत्यधिक अस्थिरता को रेखांकित करती है, क्योंकि तेहरान अमेरिकी और इजरायली नौसैनिक अभियानों को लगातार चुनौती दे रहा है। प्रेस टीवी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, ईरानी सेना ने अपनी समुद्री सीमाओं की रक्षा करने का संकल्प लिया है और रणनीतिक जलमार्ग से अनधिकृत आवागमन की अनुमति नहीं देगी। यह ताजा तनाव एक व्यापक संघर्ष के बीच आया है, जिसमें आईआरजीसी ने अपने रुख को दोहराते हुए कहा है कि "जलडमरूमध्य से किसी भी तरह की गतिविधि का कड़ा जवाब दिया जाएगा।" यह घोषणा फारस की खाड़ी में या उसके आसपास तैनात अंतरराष्ट्रीय जहाजों और विदेशी सैन्य बलों के लिए एक सीधी चेतावनी है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस बात पर अनिश्चितता जताई है कि क्या वे ईरान को जलडमरूमध्य फिर से खोलने के लिए निर्धारित मौजूदा समय सीमा को लागू करेंगे या बढ़ाएंगे। गुरुवार को व्हाइट हाउस में कैबिनेट की बैठक के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने संकेत दिया कि राजनयिक बातचीत जारी रहने के कारण अभी अंतिम निर्णय लिया जाना बाकी है। राष्ट्रपति ने कहा कि उनका निर्णय वार्ता में शामिल शीर्ष अमेरिकी अधिकारियों, जिनमें अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस, विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और उनके दामाद जेरेड कुशनर शामिल हैं।

# 75 म्यूटेशन वाला वायरस कितना खतरनाक?

**अमेरिका**

कोविड-19 का एक नया प्रकार, बीए.3.2 जिसे "सिकाडा" कहा जाता है, अमेरिका और कई अन्य देशों में फैलने के कारण ध्यान आकर्षित कर रहा है, जबकि कुल मामलों की संख्या अभी भी कम है। इस वेरिएंट की खासियत अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या में अचानक हुई वृद्धि या गंभीर बीमारी नहीं है, बल्कि इसका चुपचाप विकसित होना है। नवंबर 2024 में दक्षिण अफ्रीका में पहली बार पहचाना गया इअ.3.2 तुरंत सुर्खियों में नहीं आया। इसके बजाय, यह पिछले साल के अंत में वैश्विक स्तर पर फैलने से पहले कई महीनों तक पृष्ठभूमि में बना रहा। सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) का हवाला देते हुए टुडे डॉट कॉम की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि फरवरी तक, यह वेरिएंट अमेरिका के कम से कम 25 राज्यों में पाया जा चुका था। रिपोर्ट के अनुसार, यह वेरिएंट 20 से अधिक देशों में भी फैल चुका है और अब डेनमार्क, जर्मनी और नीदरलैंड सहित यूरोप के कुछ हिस्सों में मामलों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

विशेषज्ञ इअ.3.2 पर इतनी बारीकी से नजर क्यों रख रहे हैं? खबरों के मुताबिक, इअ.3.2 अपने अंदर मौजूद उत्परिवर्तनों की भारी संख्या के कारण अलग दिखता है। खासकर स्पाइक प्रोटीन में जो वायरस का वह हिस्सा है ।

# ट्रंप ने अचानक घुमाई गर्दन, फिर हुआ भारत पर सबसे बड़ा ऐलान



**पाकिस्तान**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गर्दन घुमाकर एक ऐसा ऐलान कर दिया जिसे सुनकर भारत तो खुश हो जाएगा लेकिन पाकिस्तान में भयंकर दंगे शुरू हो सकते हैं। गर्दन घुमाकर डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान के बारे में जो कहा है उसे सुनकर पाकिस्तान के लोग भी अपने ही देश को दलाल देश बोल रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने आसपास बैठे लोगों से पूछा कि क्या मैं एक सच दुनिया को बता सकता हूं। बैठे हुए लोगों ने कहा कि आपको कौन रोक सकता है? इसके बाद जो हुआ उसने तहलका मचा दिया। दरअसल डोनाल्ड ट्रंप एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। इसी बीच ट्रंप ने अपने सलाहकार स्टीव विटकॉफ से कहा कि मुझे अभी-अभी जो पता चला है क्या मैं वह दुनिया को बता दूं। इतना सुनते ही स्टीव विटकॉफ ने कहा कि आप तो कुछ भी कर सकते हैं। बता दीजिए। कैन आई रिवील द प्रेसिडेंट। इसके बाद डोनाल्ड ट्रंप ने बताया कि ईरान मेरे आगे गिड़गिड़ा रहा है। ईरान ने मुझे एक तोहफा भेजा है।

ट्रंप ने बताया कि ईरान मुझे तेल से भरे 8 से 10 टैंकर भेज रहा है। यह तेल अमेरिकी लोगों के लिए भेजा जा रहा है। ट्रंप ने आगे बताया कि इन तेल टैंकरों को मुझ तक पहुंचाने का काम पाकिस्तान कर रहा है। इन सभी तेल टैंकरों पर पाकिस्तान के झंडे लगे हैं। एंड आई थिंक दे पाकिस्तानी फ्लैग। यानी पाकिस्तान सरेआम दलाली करते पकड़ा गया है। मजे की बात देखिए कि पाकिस्तान स्ट्रेट ऑफ हॉर्मोस से इन तेल टैंकरों को अमेरिका तक पहुंचाने का काम कर रहा है। इसमें ईरान भी पाकिस्तान की मदद कर रहा है। लेकिन जब एक तेल टैंकर पाकिस्तान जा रहा था तो उसे स्टेट ऑफ हार्मोस से वापस भगा दिया गया। आप यह जानकर हैरान हो जाएंगे कि पाकिस्तान की जनता पेट्रोल और डीजल के बिना पागल हो रही है।

पाकिस्तान में पेट्रोल के दाम ?300 प्रति लीटर से ज्यादा हो गए हैं। लोगों को घर में बैठने के लिए बोला जा चुका है। पूरे देश में तबाही जैसे हालात हैं। ऐसी घड़ी में पाकिस्तान ईरान से खुद तेल लेने की जगह ईरान का तेल अमेरिका तक सप्लाई कर रहा है। यह तो पाकिस्तान की जनता के साथ भी धोखा है। पाकिस्तान के लोग अपनी ही सरकार से पूछ रहे हैं कि हमारा तेल अमेरिका को क्यों भेजा जा रहा है? अब तो बलूचिस्तान के लोग भी बोल रहे हैं कि ईरान और पाकिस्तान दोनों मिले हुए हैं। अमेरिका और इजराइल का अगला टारगेट पाकिस्तान ही होगा। मजे की बात यह है कि पाकिस्तान की दलाली के बारे में दुनिया को बताने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के ऊपर एक बहुत बड़ा बयान दे दिया। ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ हमारा अद्भुत रिश्ता है। यह रिश्ता भविष्य में और मजबूत होगा। प्रधानमंत्री मोदी और मैं ऐसे लोग हैं जो काम करके दिखाते हैं। ऐसी बात दुनिया के ज्यादातर नेताओं में नहीं है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा